तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 10.8 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 19 नवंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



10 नशामुक्ति की विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ





11 धमधा से सोनेसरार मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया बनी खतरे की वजह, विभाग मौन









खबर संक्षेप

## लूट के 6 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े, भेजा जेल



**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि टेकापार बोरी निवासी महेन्द्र सोनी ने शिकायत किया है कि गांव गांव जाकर फेरी लगाकर सोना चांदी के आभूषण बेचता है। भतीजा राहुल सोनी के साथ ग्राम रूहा फेरी लगाने सुबह गया था। फेरी कर वापस लौटते समय ग्राम टेकापार खिलौरा में बरगद पेड के नीचे तीन अज्ञात युवक बाइक चालक भतीजे राहुल सोनी के आंखो में मिर्च पावडर उडेंलकर जेवरात को लेकर फरार हो गए। जिसकी कीमत 96 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी रही। बोरी पुलिस ने टेक्निकल साक्ष्यों, सीसीटीवी का फुटेज खंगाला गया। मुखबिर की सूचना पर लूट के जेवरतों को आरोपीगणों ने परपोड़ी क्षेत्र में बेचा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही खालेपारा परपोडी निवासी कपिल साहू , इंदिरा नगर परपोड़ी आकाश श्रवण,धौराभाठा बेमेतरा रोहित यादव, छुईखदान गंडई रामजी लोधी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि नागपुर निवासी गणेश धनकर उर्फ चिंटू के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जेवरातों को भगत नगर नागपुर निवासी राजा साहू के पास बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने जेवरात, बाइक, चाकू जब्त किया है।

# डेढ़ करोड़ के बिजली बिल को लेकर अध्यक्ष और सीएमओ आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष और सीएमओ के मध्य बिजली बिल को लेकर जमकर विवाद हो गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने आरोप लगाया कि सीएमओ अंकुर पांडेय ने बिना परिषद को सूचना दिए डेढ़ करोड़ रुपए का बिल भुगतान कर दिया।

बताया गया है कि अहिवारा पालिका में करीब 2 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि आई है। आरोप है कि इसी टैक्स की राशि में से सीएमओ ने करीब डेढ़ करोड़ के बिजली बिल बकाया का भुगतान कर दिया है। अध्यक्ष कुशवाहा और सीएमओ अंकुर पांडेय के बीच जमकर बहस हुई। अध्यक्ष ने कहा कि सीएमओ केवल 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक की राशि का भुगतान करने का अधिकार है।

सीएमओ ने अपने अधिकार से कई गुना ज्यादा राशि का भुगतान बिना परिषद को जानकारी दिए बगैर कर दिया। पालिका अध्यक्ष का कहना है बिजली बिल पटाने का कोई विरोध नहीं है, लेकिन परिषद में यह बात आनी चाहिए थी। पालिका अध्यक्ष और पार्षदों ने आरोप लगाया है कि सीएमओ करीब एक साल से हैं, लेकिन एक भी बार उन्होंने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। जबकि बिजली बिल का भुगतान पालिका में जमा ब्याज की राशि से किया जा सकता है।

### राशि बिना परिषद सभा में लाए ही खर्च कर दी, इसलिए विरोध

ब्याज की राशि हर महीने करीब 3 लाख रुपए मिलती है। जबकि जनता से मिले टैक्स के पैसे से मूलभूत और अन्य विकास कार्यों से किए जाते हैं। लेकिन सीएमओ ने टैक्स की राशि बिना परिषद सभा में लाए ही खर्च कर दी। इसकी जानकारी पालिका अध्यक्ष तक को नहीं दी गई। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि सीएमओ लगातार जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर रहे हैं। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बिना परिषद को सूचना दिए भुगतान के बारे में जब सीएमओ से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा अधिकार है। जबकि उनके पास जनता के पैसों के इस तरह मनमर्जी खर्च या भुगतान करने का अधिकार नहीं है। मामले में पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वे कोर्ट जाएंगे और लीगल नोटिस जारी करेंगे।

अहिवारा पालिका का मामला, जमकर हुआ विवाद



### शासन के निर्देश पर भुगतान किया

शासन की ओर से निर्देश मिला था कि बिजली बिल भुगतान करना है। इसमें किसी भी प्रकार के अनुमोदन की जरूरत नहीं होती है। जो काम करवाना होता है उसमें अनुमोदन लगता है। जिस काम में वित्तीय स्वीकृति लेनी होती है। उसमें अनुमोदन लेना पड़ता है। बिजली बिल का भुगतान करने में किसी भी प्रकार के अनुमोदन की जरूरत नहीं होती।

-अंकुर पाण्डेय, सीएमओ नपा अहिवारा

## दुर्ग जिले के 102 उपार्जन केंद्रों में से 93 में अब तक 6897 मीट्रिक टन धान खरीदी

# चार दिन से धान खरीदी, लेकिन अब भी 9 उपार्जन केंद्रों में शुरुआत नहीं, अब देंगे ऑनलाइन टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सहकारी समिति कर्मचारियों के हड़ताल के बीच शुरू धान खरीदी अब पटरी पर आने लगी है। चार दिन से धान खरीदी शुरू की गई है। जिले में 102 उपार्जन केंद्र हैं जिसमें से 93 में धान खरीदी जा रही है। 9 उपार्जन केंद्रों में एक दाना धान नहीं खरीदा जा सका है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसानों के लिए ऑनलाइन टोकन सिस्टम भी शुरू किया जा रहा है। 'तुहर टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से किसानों को घर बैठे टोकन मिलेगा।

अलग खबर



### 80 प्रतिशत टोकन मध्यम व छोटे किसानों के लिए आरक्षित

किसान अपने मोबाइल नंबर और आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से इस ऐप में आसानी से पंजीकरण कर सकते हैं। टोकन वितरण को किसानों की श्रेणी के अनुसार विभाजित किया है- सीमांत किसान अधिकतम 1 टोकन, लघु किसान अधिकतम 2 टोकन, दीर्घ किसान अधिकतम 3 टोकन। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों की प्रतिदिन की कुल खरीदी क्षमता का 70 प्रतिशत भाग ऐप के माध्यम से मिलने वाले टोकनों के लिए आरक्षित रहेगा। 80 प्रतिशत टोकन लघु और सीमांत किसानों, 20 प्रतिशत टोकन दीर्घ किसानों के लिए सुरक्षित रखे गए हैं।

### इस तरह खुल रहे हैं बंद उपार्जन केंद्र

15 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई है। इस दिन 53 समितियों में धान खरीदी शुरू नहीं हो पाई। 16 नवंबर रविवार को अवकाश रहा। 17 नवंबर सोमवार को 79 उपार्जन केंद्रों से धान खरीदी की गई।इस दिन 2495 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई। 18 नवंबर मंगलवार को 39 उपार्जन केंद्रों में किसानों से धान खरीदी की गई है।

### 1322 किसानों से 6897 मीट्रिक टन धान खरीदी

धान खरीदी के लिए दुर्ग जिले के 112446 किसानों ने पंजीयन करवाया है। जिसमें से 1322 किसानों से 6897 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। धान की किस्म के हिसाब से धान खरीदी समर्थन मूल्य पर पर हो रही है। पतला धान 2389 रुपए प्रति क्विंटल , मोटा धान 2369 रुपए प्रति क्विंटल और सरना धान भी 2369 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी की जा रही है।

### इस साल 616435 मीट्रिक टन खरीदी का टारगेट

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रभारी सीईओ हृदेश शर्मा के मुताबिक उपार्जन केंद्रों में धान की तोलाई, बोरे की सिलाई, स्टेग लगाने का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से हो रही है। इस वर्ष 6,16,435 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। धान विक्रय के लिए कुल रकबा 1,12,255 हेक्टेयर पंजीकृत है, इनमें 11827 हेक्टेयर एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन हो पाया है। छूट प्राप्त वर्ग का रकबा 517 हेक्टेयर है। इसी तरह गत वर्ष धान विक्रय के लिए कुल पंजीकृत खसरे 4,36,399 थे। इस वर्ष पंजीकृत खसरों की संख्या 4,52,469 है।

### ऑनलाइन टोकन से सभी केंद्र होंगे शुरू

" समिति कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से शुरूआत में दिक्कतें थी इसे अब दुरूस्त कर लिया गया है। ऑनलाइन टोकन की सुविधा भी शुरू की गई है। इससे सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी शुरू कर ली जाएगी।

-अनुराग सिंह भदौरिया, जिला अधिकारी खाद्य विभाग

## दुर्ग निगम में अनुकंपा नियुक्ति फर्जीवाड़ा, दो बर्खास्त, सात से ज्यादा के खिलाफ जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- गलत तरीके से नौकरी लगने वालों के खिलाफ लोक आयोग और शासन स्तर पर हुई थी शिकायत

दुर्ग निगम में पिछले लंबे समय से फर्जी तरीके से अनुकम्पा नियुक्ति का खेल चल रहा है। लोक आयोग और राज्य शासन में हुई शिकायत के बाद धीरे-धीरे पूरे मामलों का खुलासा हो रहा है। गंभीर अनियमितता के इस मामले में दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने लोक आयोग और शासन के निर्देश के बाद दोनों पर कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक जिन दो लोगों को हटाया गया है, उनमें सहायक राजस्व निरीक्षक प्रीति उज्जैनवार और भृत्य नम्रता रक्सेल शामिल हैं। दोनों पर सेवा से हटाने की दीर्घ दंडात्मक कार्रवाई की है। दोनों नियुक्तियां प्रथम दृष्टया शासन के अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी नियमों के विपरीत पाई गई थीं। बता दें कि इससे पहले भी कई अन्य नियुक्तियों को लेकर जांच जारी है। इसमें शुभम गोईर के खिलाफ भी जांच जारी है, जिन्हें अनियमितता का दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा सहायक राजस्व निरीक्षक लक्ष्य गोईर के खिलाफ भी जांच हो रही है। इन मामलों के अलावा 7 अन्य मामलों में भी विभागीय जांच जारी है।

### जांच के बाद अनियमितता का हुआ खुलासा

जानकारी के मुताबिक शिकायत के बाद इस मामले में जांच कराई गई। प्रीति और नम्रता को निलंबित किया गया। मामले में पाया गया कि दिवंगत के परिवार के एक सदस्य के अनुकंपा नियुक्ति के बाद दूसरे ने भी अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त की। जांच के बाद 4 नवंबर को दोनों ने अपना पक्ष रखा। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई। बता दें कि दोनों 23 जुलाई 2025 को दोनों को निलंबित करते हुए विभागीय जांच प्रारंभ की गई थी। जांच प्रतिवेतन आने के बाद आगे की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि दुर्ग नगर निगम नियमों के विरुद्ध नौकरी पाने वालों पर अब किसी भी स्तर पर रियायत नहीं देगा। किसी भी प्रकार की अनियमित, फर्जी या गलत तरीके से प्राप्त नियुक्ति पर आज नहीं तो कल कार्रवाई निश्चित है। जो भी ऐसे तरीके से नौकरी पर पहुंचे हैं, वे जांच की जद में आए बिना नहीं बचेंगे।

## चक्रवात ला-नीना का असर, ट्विनसिटी में पारा 10.8 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी पिछले नौ दिनों से सर्द की चपेट में है। हालांकि ठिठुरन वाली ठंड अभी नहीं आई है। अलसुबह घने कोहरे की स्थिति नहीं बन पाई है लेकिन न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा है। जिसकी वजह से नम हवाओं के साथ लोगों को भारी ठंडी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने इसकी वजह ला नीना चक्रवात का असर बताया है। उत्तरी भारत या हिमालय क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का सक्रिय होना है।

### दुर्ग का अधिकतम तापमान प्रदेश में सबसे ज्यादा



मंगलवार को दुर्ग का अधिकतम तापमान प्रदेश में सबसे ज्यादा दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 1.03 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यानी आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान भी बढ़ने के आसार हैं। सर्द हवाओं की वजह से ट्विनसिटी में लोग गर्म कपड़े पहनकर ही निकल पा रहे हैं। रात में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ रही है। खासकर ट्विनसिटी के आउटर इलाके में तापमान शहर की अपेक्षा 1 से 2 डिग्री और कम हो जा रही है।

## दुर्ग निगम दफ्तर में मेयर की नेमप्लेट पर कालिख, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दफ्तर में मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे बड़ी घटना हुई। एनएसयूआई के अध्यक्ष वरुण केवलतानी और उपाध्यक्ष आदिल खान ने महापौर अलका बाघमार के चेंबर के बाहर लगे नेमप्लेट में कालिख पोत दी। खास बात यह है कि घंटों इसकी खबर किसी को नहीं हुई। बाद में जब वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, तो इसकी जानकारी महापौर और आयुक्त सुमित अग्रवाल को हुई। महापौर ने तत्काल आयुक्त को निर्देशित किया कि आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कराई जाए। उन्होंने निगम दफ्तर में इस प्रकार की





घटना को लेकर कहा कि सुरक्षा की चूक है। बहरहाल शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर वरुण केवलतानी ने कहा कि नलघर के सम्पवेल में लाश मिलने के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वे मांग कर रहे हैं कि महापौर सार्वजनिक माफी मांगें। प्रभावित क्षेत्र में हेल्थ कैम्प लगाए जाएं। इसके अलावा दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। ऐसा नहीं किए जाने के विरोध में उन्होंने कालिख पोती। उन्होंने कहा कि यदि हमारी मांग पूरी नहीं होती, तो और भी उग्र आंदोलन करेंगे।

### थाने में एफआईआर के लिए कहा है

" मुझे भी किसी ने जानकारी दी है। मैंने तत्काल आयुक्त को निर्देशित किया है कि वे एफआईआर कराएं। यह सुरक्षा की चूक है।

-अलका बाघमार, महापौर ननि दुर्ग

### भट्टी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन

# बीएसपी के भीतर हाइवा की टक्कर से श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी के भीतर हादसे में ठेका श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

भठ्ठी पुलिस ने बताया कि ठेका श्रमिक हर्षवर्धन निषाद को प्लांट के भीतर हाइवा वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। श्रमिक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान हर्ष ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों ने बीएसपी के गेट-1 को जाम कर मुआवजे और छोटे बेटे की नौकरी की मांग कर रहे थे। हादसे के बाद परिजनों ने बीएसपी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि प्लांट के अंदर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। मृतक की बहन के मुताबिक जब यह हादसा हुआ तो आस-पास सभी लोग मौजूद थे। किसी ने भी भाई को अस्पताल नहीं पहुंचाया। एंबुलेंस को भी आने में देरी हुई। कर्मियों को जो भी सुरक्षा किट दिए गए हैं वो भी सारे खराब है। चक्का जाम के बाद बीएसपी प्रबंधन ने परिजनों से बात की। मैनेंजमेंट ने अनुकंपा नौकरी के तहत छोटे भाई को नौकरी देने का आश्वासन दिया। साथ ही बीमा के 10 लाख रुपए की राशि की भी जानकारी दी है। परिजन 25 लाख रुपए मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे।




### आज सौंपेंगे लेटर

शाम करीब पांच बजे प्रबंधन के साथ चर्चा में तय हुआ कि अनुकंपा नियुक्ति का लेटर बुधवार सुबह परिवार को सौंप दिया जाएगा। यूनियनों के दबाव के बाद बताया गया कि नियम के तहत जो भी राशि बन रही है, वह मृतक के परिवार को दी जाएगी दी जाएगी।

### मुआवजा और अनुकंपा नियुक्ति की मांग पर हुए लामबंद

भिलाई इस्पात संयंत्र ठेका मजदूर की मौत से गुस्साए लोगों ने इस्पात भवन रोड पर प्रदर्शन व चक्काजाम किया। मृतक के परिजन प्रदर्शनकारी लोग आश्रित के लिए मुआवजा के मांग कर रहे थे। दुर्घटना के बाद दो घंटे तक जाम लगा रहा। यूनियनों ने मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रबंधन के बुधवार को अनुकंपा नियुक्ति लेटर देने के आश्वासन बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके पूर्व दोपहर मृतक के परिजनों के साथ तीस चालीस लोग बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। गुस्साए लोगों को सीआईएसफ के जवानों मार्ग से हटाया । बीएसपी के जीएम आईआर जेएन ठाकुर के आश्वासन व समझाईश के बाद लोग मार्ग से हटे। शाम करीब 5 बजे एचआरडी की तरफ की सड़क को खोल दिया गया। एचआरडी में पीड़ति परिवार, छावनी की महिला पार्षद, बीएसपी के जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा, संजय द्विवेदी, इंटक ठेका मजदूर यूनियन से संजय साहू, राजेंद्र परगनिहा, बृज बिहारी मिश्र, वंश बहादुर सिंह, शिव बहादुर सिंह आदि विभिन्न यूनियनों के लोगो के साथ छावनी बस्ती के लोग शामिल थे।

खबर संक्षेप



### पीएम श्री विद्यालय में न्योता भोजन कराकर मनाया स्थापना दिवस

भिलाई। सामाजिक संस्था प्रजा सेवा समिति भिलाई ने अपनी संस्था के 18 वे स्थापना दिवस के अवसर पर पी.एम.श्री शासकीय प्राथमिक शाला बालाजी नगर, खुर्सीपार में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति -निर्माण के अंतर्गत छ.ग. शासन के विद्यालय में न्योता भोजन योजना के तहत विद्यालय, समुदाय में अपनेपन की भावना विकसित करने विद्यालय एवं समाज के मध्य आपसी तालमेल एवं समुदाय की शाला में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों के लिए कॉपी, कंपास, पेन का वितरण समिति एवं समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदान किया गया । प्रजा सेवा समिति विगत दशकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धनकन्या विवाह रक्तदान, बेघरों के लिए आवास निर्माण करके देने का कार्य लगातार करते हुए आ रही है। इस न्योता भोजन के आयोजन में प्रजा सेवा समिति के सदस्यों के अलावा विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे ।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मर्रा की बालिका का चयन

दुर्ग। 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय



सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र पेण्ड्रा में 25 से 27 अक्टूबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा पाटन की प्रतिभाशाली बालिका लक्ष्मी नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला का प्रतिनिधित्व किया। खेल एवं युवा कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के अंतर्गत ब्लॉक दुर्ग, पाटन एवं धमधा के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से लक्ष्मी नेताम ने अपने उम्दा खेल कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जिला प्रशासन एवं विभाग के अधिकारियों ने लक्ष्मी नेताम को बधाई दी है।

# स्टार्टअप से रोजगार प्रदान करें, न कि नौकरी मांगने लाइन में खड़े हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में हुनर 2025 का आयोजन 10 से 17 नवंबर 2025 तक किया गया। इसमें महाविद्यालय के 6 विभागों के प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर थी। हर समूह आगे बढ़ाने की होड़ में बेहद ही उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिए।

हुनर फेस्ट 25 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा एवं डीन एकेडमिक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य गीत अरपा पैरी के धार से छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हुनर कार्यक्रम सिर्फ एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि छात्रों के हुनर को बाहर निकलने का एक अच्छा अवसर है। सब में कुछ न कुछ प्रतिभाएं छिपी होती है और उस प्रतिभा को बाहर निकलने का अच्छा अवसर है जिस में हम सफल रहे।

मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि भारत सभी धर्मों का सम्मान करता है और इसका कारण यह है कि यहां सनातन धर्म है। भारत हमेशा से शिक्षा और ज्ञान का केंद्र रहा है। हमारे युवा पीढ़ी स्टार्टअप के माध्यम से लोगों को रोजगार प्रदान करें न की नौकरी मांगने की लाइन में खड़े हो। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 का भी उल्लेख किया तथा प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया के माध्यम से ग्रामीण अंचल के बच्चों के हुनर को रखने का कार्य कभी उल्लेख किया। आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के डीन एकेडमी डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं संस्कृति का संबंध यही दिखाई देता है। सभी इस कार्यक्रम में आत्म विभोर होकर अपनी सहभागिता दी एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान भी दिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ संदीप जसवंत एवं डॉ लक्ष्मी वमा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र वर्ग में उमंग एवं डॉ वंदना सिंह ने किया।

## कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

### हुनर इंटर डिपार्टमेंट फेस्ट सांस्कृतिक स्पर्धा में प्रतिनिधित्व

प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपाली देवांगन गर्ल्स एवं प्रांजल मातुरकर बॉयज वर्ग का प्रतिनिधित्व किया। शिक्षा विभाग से लिखील साहू एवं जयश्री व्यापारी वाणिज्य विभाग से सौरभ ध्रुव एवं पूजा झा, प्रबंधन विभाग से त्रिस्मीत सिंह भाटिया एवं स्वाती बिसेन, कला विभाग से देवांशु एवं रितिका, विज्ञान विभाग से खुशी सिंह राजपूत एवं मुनेश्वर, बीसीए विभाग से पायल एवं पवन प्रतिनिधि चुने गए। हुनर कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत टेबल टेनिस, हाथ कुश्ती महिला एवं हाथ कुश्ती पुरुष तथा सांप सीढ़ी जैसे रोमांचक खेलों से किया गया। द्वितीय दिवस रंगोली पेंटिंग वाद विवाद प्रश्नोत्तरी एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों का बौद्धिक परीक्षण हुआ तो वहीं खेलकूद में भी किसी से पीछे नहीं रहे।



### 25 साल के विकास को थीम के रूप में किया प्रदर्शित

पेंटिंग एवं रंगोली में छत्तीसगढ़ आदिवासी जनजाति थीम के रूप में दिया गया। वाद विवाद में छत्तीसगढ़ के 25 साल विकास को थीम के रूप में, मेहंदी में ब्राइडल मेहंदी थीम तो शतरंज की चाल और फुटबॉल की मस्ती में सभी विभाग के छात्र-छात्राएं पीछे नहीं रहे। क्रिकेट के रोमांचक खेल में तो सभी अपनी उम्र की सीमाएं ही लाघ दिए। एकल एवं युगल गीत तथा युगल नृत्य की प्रस्तुति से सभी मंत्र मुग्थ हो गए। अंतिम दिवस रस्साकशी का आयोजन किया गया जिसमें सभी जोर आजमाइश करते दिखे। दूसरी ओर रैम्प वाक में छात्रों ने भूतो के थीम पर ऐसा जलवा बिखरे की लगा। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे पूरे कार्यक्रम में शिक्षा विभाग का वर्चस्व रहा। द्वितीय स्थान पर वाणिज्य विभाग तृतीय स्थान पर प्रबंधन विभाग चतुर्थ स्थान पर विज्ञान विभाग पांचवें स्थान पर कला एवं कंप्यूटर विभाग रहा। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह सीड बॉल देकर सम्मानित किया गया।

## खरसिया-परमलकसा रेलवे परियोजना के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

# छोटे किसानों की जमीन के मुआवजे का निर्धारण हेक्टेयर में किए जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन बिछाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह रेलवे लाइन करीब 278 किलोमीटर तक बिछाई जानी है। इस लाइन के बिछने से मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे लाइन पर ट्रेनों के ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इसके लिए यह पांचवी और छठवीं पाइपलाइन प्रस्तावित की गई है। इस रेलवे लाइन के लिए फिलहाल भिलाई-तीन और पाटन क्षेत्र में सर्वे का काम चल रही है। दुर्ग जिले के करीब 25 गांव इस रेलवे लाइन की जद में आ रहे हैं। इसे देखते हुए इन गांवों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर शासन ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही जमीन के भू-अर्जन की प्रक्रिया भी शुरू होनी है।

शासन ने तय किया है कि जमीन के मुआवजे का निर्धारण हैक्टेयर में किया जाना है। इसका किसानों ने विरोध किया है। इसे लेकर किसानों ने ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुलाकात की। उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। चर्चा के दौरान राजूलाल देशमुख, राजेश साहू, धर्मेंद्र साहू, उमंदी ठाकुर, प्रदीप देशमुख, संदीप सिंह, मलेश निषाद, यशवंत साहू, मोहनलाल साहू, उमेश साहू, चिंतामणि गजपाल सहित अन्य मौजूद थे। किसानों ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को अपारदर्शी, एकतरफा और मनमाना निर्णय बताया। किसानों ने कहा कि उक्त पुस्तैनी जमीन जीविका का एक मात्र साधन है। बिना ग्रामसभा की बैठक या प्रभावितों की सहमति के यह निर्णय संविधान के प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है।

## ग्रामीण मिले विधायक ललित चंद्राकर से, मांगों का सौंपा ज्ञापन



### किसानों ने कहा- निर्णय विसंगतिपूर्ण, पुनर्विचार की जरुरत

किसानों ने विधायक को बताया कि यह रफ्ट्रल एक्ट 2013 की भावना के विपरीत है। भूमि के वास्तवि बाजार मूल्य 100 प्रतिशत सॉलैटिम, 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज को ध्यान रखकर मुआवजा तय होना चाहिए। विस्थापित परिवारों को नौकरी दी जाए। पुनर्मूल्यांकन या निराकरण समिति का गठन किया जाए। पुणे महाराष्ट्र की कंपनी मोनार्क कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से खड़ी फसल में प्रवेश कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बिना अधिकारियों की मौजूदगी में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर ललित चंद्राकर ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद सार्थक निर्णय लिए जाने का भरोसा दिलाया।

### इन ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन का होना है अधिग्रहण

अधिकारियों के मुताबिक दुर्ग जिले घुघसीडीह, खोपली, बोरिगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, भानपुरी, चंद्रखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद, पाउवारा, ठकुराईनटोला, बठेना, देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा सहित आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनों का अधिग्रहण होना है। इसे देखते हुए ही इन क्षेत्रों की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई गई है।

### 8714 करोड़ के प्रोजेक्ट में बिछनी है 278 किमी है लाइन

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 8,741 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना में काम होना है। इस परियोजना के माध्यम से बलौदाबाजार जिले के साथ ही अन्य क्षेत्रों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इस परियोजना के साथ ही इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। 278 किमी लंबा यह रेलमार्ग होगा, जिसके लिए 615 किमी ट्रैक बिछाई जाएगी। कुल 21 स्टेशनों से होकर यह रेलवे लाइन गुजरेगी। इसके लिए 48 बड़े पुल, 349 छोटे पुल, 14 आरओबी, 184 आरयूबी, 5 रेल फ्लाईओवर का काम होगा। राज्य के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाजार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जिले के लोगों को इसका फायदा होगा।

# नशामुक्ति की विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रहीं है, जिसके समाधान के लिए नशामुक्त भारत अभियान की शुरूवात की गई है। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस तारतम्य में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में ड्रग समिति स्थापित की गई है, जो कि निरंतर एवं नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं गतिविधियां न सिर्फ महाविद्यालय परिसर अपितु महाविद्यालय के आसपास भी सक्रिय है।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि युवा नशामुक्त भारत अभियान में स्वयंसेवक या प्रशिक्षु बनकर जुड़ सकते हैं। प्रशिक्षण और सक्रिय भागीदारी के जरिए वे जागरूकता और आऊटरिच कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं, इस हेतु यूथ रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक एवं स्नातकोत्तर छात्राएं कार्य कर रहीं हैं। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए छात्राओं एवं कर्मचारियों को मादक पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में काम करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### 77 केंद्रों में अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 7 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक आयोजित होगी। जिले के 77 केन्द्रों में आयोजित इस परीक्षा में 28,235 अभ्यर्थी शमिल होंगे। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देशों के तहत परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो।

# आरटीओ ने शुरू की यात्री बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



जैसलमेर में यात्री बस अग्निकांड में पिछले दिनों 26 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में यात्री बसों की लापरवाही सामने आई है। लगातार बसों को मॉडिफाई किया जा रहा है। इस शिकायत को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने भी बसों की जांच के लिए सभी जिलों के परिवहन विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवेयरनेस कैम्पेन चलाने कहा गया है। दुर्ग में भी आरटीओ ने जांच शुरू कर दी है। अब तक ऐसी बसों को लेकर जानकारी नहीं मिली है, लेकिन नियमित रूप से यात्री बसों को रोककर उनकी जांच की जा रही है। बता दें कि जैसलमेर घटना में सामान्य स्लीपर बस को एसीयुक्त बनाकर उपयोग में लाया जा रहा है। फायर विंडो की जगह को भी ब्लॉक कर दिया गया था। इस वजह से अग्निकांड ने भीषण रूप लिया, यात्रियों को बस से बाहर निकलने की जगह तक नहीं मिल सकी। इसे देखते हुए दुर्ग परिवहन विभाग ने बसों की जांच शुरू की है। यात्रियों को फायर सेफ्टी से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता विभाग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ड्राइवर-कंडक्टर और मलिक को समझाइश दी जा रही है। खासकर रात्रि में चलने वाली बड़ी बसों में जांच उपरांत ड्राइवर कंडक्टर के साथ-साथ यात्रियों को भी अप्रिय घटना से निपटने की लिए तरीके बताए जा रहे हैं। इधर 1 अप्रैल 2019 के पहले के वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबरों का पंजीयन किया जा रहा है। इसके लिए 24 नवंबर से पुनः पंजीयन किया जाना है। उड़नदस्ता प्रभारी सीके साहू ने बताया कि मॉडिफाई बसों को लेकर हमारे पास फिलहाल शिकायत नहीं मिली है। नियमित रूप से जांच की जा रही है। नियमतः कार्रवाई की जाएगी।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए 24 नवंबर से शिविर

केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिए गए प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ 01 अपैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। मिली जानकारी अनुसार पाटन में 24 से 29 नवम्बर, धमधा में 1 से 6 दिसम्बर और दुर्ग जनपद में 08 से 15 दिसम्बर, जामुल नगर पंचायत में 16 से 20 दिसम्बर, अहिवारा में 22 से 31 दिसम्बर तक शिविर लगाए जाएंगे। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने की कार्रवाई संबंधित कंपनी रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहकर करेंगें।

# नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर दिलाई शपथ



दुर्ग। नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर 18 नवंबर को जिलेभर में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के सभी विभागों, कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं सहित स्कूल, उच्च शिक्षा, चिकित्सा और कृषि शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं, महिला समूहों, स्वयं सेवकों तथा आम नागरिकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा स्व सेठ रतनचंद सुराना कॉलेज के सहयोग से कॉलेज परिसर हॉल में विशेष नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत दुर्ग जिले में कार्य तेजी से जारी है। जिला प्रशासन ने बताया कि जिले के 1520 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त 1520 बीएलओ द्वारा दो प्रतियों में बनाए गए गणना प्रपत्र घर-घर पहुंचाकर मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। वर्तमान में बीएलओ इन प्रपत्रों का संग्रहण कर रहे हैं।

- 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्र जमा करने की अपील

निर्वाचन आयोग द्वारा गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं बीएलओ ऐप में अपलोड करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए तत्काल अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंप दें।

जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से 4 दिसंबर 2025 से पहले प्रपत्र भरने या बीएलओ को जमा करने की अपील की है, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य समय पर पूरा हो सके। मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बन सकेगी।

**गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया:** प्रपत्र के पहले भाग में मतदाता को अपना व्यक्तिगत विवरण भरना है। यदि मतदाता 2003 की मतदाता सूची में शामिल था, तो तालिका के बांये हिस्से में विवरण भरना होगा। यदि 2003 की सूची में नाम नहीं था, तो तालिका के दाहिने हिस्से में माता-पिता की प्रविष्टियाँ 2003 की सूची के अनुसार भरनी होंगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए बीएलओ के पास साल 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है। आवश्यक होने पर मतदाता बीएलओ की सहायता से यह प्रविष्टि भर सकते हैं।

**ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने की सुविधा :** जिन मतदाताओं का आधार या मतदाता परिचय पत्र से मोबाइल नंबर लिंक है, वे अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। यदि मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, तो ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान फॉर्म 8 का लिंक प्रदर्शित होगा, जिसके माध्यम से मोबाइल नंबर तुरंत अपडेट किया जा सकता है।

### 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा

छत्तीसगढ़ में निवासरत मतदाता 2003 की सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर नाम एवं पिता के नाम से खोज सकते हैं। जो मतदाता 2003 में छत्तीसगढ़ में नहीं रहते थे, वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से अपने पूर्व निवास वाले राज्य की 2003 की मतदाता सूची में अपना विवरण खोज सकते हैं।

## एसआईआर को लेकर भाजपा दुर्ग संभाग स्तरीय की समीक्षा हुई बैठक

# कोई भी पात्र का नाम न छूटे और अपात्र का कटना चाहिए : जामयांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक जिला भाजपा

- एसआईआर में किए गए कार्य की समीक्षा की गई

कार्यालय में लेह लद्दाख के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरींग नामग्याल के मुख्य अतिथि में हुई। आयोजित बैठक में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, भाजपा प्रदेश महामंत्री उपाध्यक्ष रामजी भारती, रंजना साहू भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, जितेंद्र वर्मा, प्रवक्ता अमित साहू प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक अवधेश चंदेल जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक उपस्थित थे। आयोजित बैठक में उपस्थित मुख्य वक्ता के द्वारा एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा अब तक एसआईआर में किए गए कार्य की समीक्षा की गई राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित किए गए समय तक कार्य के संपादन का आह्वान किया गया ।




आयोजित संभाग स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद जामयांग त्सेरींग नामग्याल ने कहा कि आज सभागार में उपस्थित आप सभी को एस आई आर के बारे में कार्यशाला के द्वारा पूर्ण रूप से जानकारी प्राप्त होगी और हमें इसे क्यों करना आवश्यक है इसका रिजल्ट बिहार चुनाव के माध्यम से आपको प्राप्त हो गया बिहार चुनाव में एस आई आर के होने से परिणाम कितना सुखद आया है। यह नहीं होता तो परिणाम असंतोष जनक होता हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं और हमें पता है कि हमें चुनाव कैसे जीतना है बुथ को अगर जीतेंगे तो चुनाव अवश्य जीतेंगे। चुनाव आयोग के द्वारा आज असम में भी एस आई आर करवाने की घोषणा कर दी गई है। विपक्षी पार्टी के द्वारा फर्जी नाम जो जुड़वाए गए थे उसे हमें कटवाना है। इस कार्य में बीएलए 1 और बीएलए 2 की महत्वपूर्ण भूमिका है भविष्य में होने वाले चुनाव में टिकट किसे मिलती है यह महत्वपूर्ण नहीं है हमें इसे गंभीरता पूर्वक इस कार्य को करना है ताकि हमारा संगठन मजबूत हो सके और भविष्य में चुनाव के परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आ सके।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर संबंधी कार्यक्रम में कोई भी चुक न हो ऐसा सभी प्रयास करें। आयोजित संभाग स्तरीय बैठक का संचालन दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने किया एवं आभार भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने किया। आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमननी, शताब्दी पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, अजय साहू, राजेंद्र चंद्रवंशी ,बिसेसर दास साहू, दिलीप वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, राकेश यादव ,देवलाल ठाकुर, वीरेंद्र कुमार साहू, विक्रांत सिंह विनोद खांडेकर भरत लाल वर्मा, गीता घासी साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पूनम को मेकअप आर्टिस्ट व ब्यूटीशियन अवार्ड

**उतई।** एसएस ग्रुप द्वारा बिजनेस अवार्ड छत्तीसगढ़ 2025 का आयोजन होटल बेबीलोन



इंटरनेशनल में रखा गया था। जिसमें ग्राम खम्हरिया कि पूनम साहू को मेकअप आर्टिस्ट एवं ब्युटिशियन अवार्ड से बालीवुड अभिनेत्री महक चहल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवार्ड मिलने पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जिला साहु संघ पदाधिकारियों एवं अध्यक्ष नंदलाल साहू, यतीश साहू, मंजु साहू, रागिनी साहू, सीमा हिरवानी, तहसील साहू संघ के उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, राजेश साहू, वेदनारायण साहू सहित खम्हरिया के ग्रामीणजनों ने बधाई दी है।

## निधन

### राधेश्याम साहू

**दुर्ग।** लुचकीपारा दुर्ग निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी राधेश्याम



साहू 83 वर्ष का निधन 18 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट पर किया गया। वे चंद्रिका साहू के पति, अनुज साहू, कमलेश साहू के पिता देवेंद्र, तरुण, देव के नाना योगेंद्र, कुंजबिहारी, सात्विक, हर्ष के दादा थे। उन्होंने अपने पीछे अपना भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### गुलाबा बाई सोनी

**दुर्ग।** गया नगर दुर्ग निवासी गुलाबा



बाई सोनी पत्नी स्व. हंसराज सोनी का आकस्मिक निधन 17 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 नवंबर को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुगनचंद सोनी, गजानंद सोनी, कांति सोनी, रुखमणी सोनी, चित्ररेखा सोनी की मां एवं मनोज, महेंद्र सोनी की दादी एवं भूपेंद्र, नीरज, गौरव सोनी की नानी थीं।

### कविता तांडी

**दुर्ग।** रायपुर नाका दुर्ग वार्ड 47



निवासी एवं पूर्व पार्षद कविता तांडी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 19 नवंबर को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नगर निगम के पूर्व सभापति व वार्ड 47 के वर्तमान पार्षद डॉक्टर देवनारायण तांडी की पत्नी थीं।

### सोनाऊ राम चंद्राकर

**अंडा।** ग्राम सिरसिदा (ओटेबंध)



निवासी सोनाऊ राम चंद्राकर 87 वर्ष का निधन 18 नवंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 19 नवंबर को सुबह 11 बजे गृहग्राम सिरसिदा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अश्विनी चंद्राकर, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष चंद्राकर समाज छत्तीसगढ़ राज्य हितेंद्र चन्द्राकर के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## ग्रामीण युवा गढ़ रहे अपना भविष्य, सरपंच भी देते हैं प्रशिक्षण

# सरपंच की पहल पर कोड़िया में 5 एकड़ जमीन खेल मैदान के लिए की आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



ग्राम पंचायत कोड़िया सरपंच खुमान निषाद द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उनकी पहल पर गांव के युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए 5 एकड़ जमीन खेल मैदान के लिए आरक्षित किया गया है। यहां 70/80 बच्चो को रोजाना खेल मैदान में खुद दौड़, गोला फेंक, तवा फेक ,बॉलीबॉल, फुलबाल और बेटमिंटन जैसे खेल खेलने प्रेरित करते हैं। सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि किसी भी खिलाड़ी के लिए सुरक्षित और समावेशी वातावरण में खेल मैदान रहने से बच्चे बहुत अच्छे से किसी भी खेल में आगे बढ़ पाते हैं,और खेल खेलने से बहुत फायदे भी होते हैं जैसे, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्यः खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। समस्या-समाधान और निर्णय लेनाः खेल बच्चों को निर्णय लेने, समस्या हल करने और संघर्षों को सुलझाने के कौशल सिखाते हैं।

**आत्म-अनुशासन और रचनात्मकताः** खेल आत्म-अनुशासन, अभिव्यक्ति और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। पारंपरिक खेल बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने और उसे समझने में मदद करते हैं। सरपंच खुमान निषाद के पहल से ग्रामीणों में उत्साह का माहोल है।

### अरूणाचल में वाटर राफ्टिंग के गुर सीखे पुष्पांजलि ने

**उतई।** उतई महाविद्यालय की छात्रा पुष्पांजलि ने अरुणाचल प्रदेश निमास दिरांग में व्हाइट वॉटर राफ्टिंग में शामिल होकर महाविद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया। प्राचार्य डॉ शुभा शर्मा और पूर्व प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर बधाइयां दी है। पुष्पांजलि ने एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉक्टर अनसूया जोगी के सहयोग से राष्ट्रीय कैंप में शामिल होकर नदी की धारा और बहाव के साथ तालमेल के साथ बोटिंग के कई टिप्स सीखे जो कि भविष्य में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सहभागिता और कार्य हेतु उसे प्रोत्साहित करेगा।



### बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई



**अंडा।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सनराइज पब्लिक स्कुल अंडा में मंगलवार को स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशा के दुष्परिणामों से बच्चों को अवगत कराया गया और बच्चो को स्वयं और उनके परिवार को नशा से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। प्राचार्य जीतेन्द्र साहू ने नशा के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान शिक्षकगण जितेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू, नरेश विश्वकर्मा, काजल साहू, दिनेश्वरी चंद्राकर, किरण, सुमन, लता, हिमानी और ज्योति साहू सहित पालक गण एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### धान खरीदी शुरू

**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति कुर्मीगुंडरा में धान खरीदी का शुभारंभ प्राधिकृत अधिकारी दानी राम वर्मा जनपद सदस्य भास्कर वर्मा ने भगवान बलराम के तैल चित्र एवं कांटा बाट के पूजा अर्चना कर के साथ किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक बीरेंद्र ठाकुर शाखा प्रबंधक उमाकुमार साहू कृषकगण शरद बघेल देवाशीष बघेल प्रफुल्ल वर्मा मनोज वर्मा ताम्रध्वज वर्मा रमेश साहू आदि उपस्थित थे।

## धमधा से सोनेसरार मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया बनी खतरे की वजह, विभाग मौन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

■ विभाग की निष्क्रियता उजागर, रोजाना सैकड़ों लोग परेशान

धमधा से सोनेसरार मार्ग स्थित पुलिया कई महीनों से क्षतिग्रस्त है, जिससे रोज़ाना इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया की जर्जर स्थिति के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया पर गड्ढे गहरे हो चुके हैं और मिट्टी धंसने से सड़क का एक हिस्सा भी अस्थिर हो गया है। बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा मरम्मत या पुनर्निर्माण के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने विभाग की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों, दुपहिया वाहन चालकों और छोटे वाहनों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। बरसात के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और आवागमन सुरक्षित हो सके।



### आनंद मेला में दिखाई प्रतिभा

**उतई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह उतई में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यहां आनंद मेला लगाया गया। दीपशिखा शिक्षण समिति के डायरेक्टर डी एल सिन्हा ,प्राचार्य के आर सिन्हा, शांता सोनवानी प्रधान पाठक एन के चंद्राकर इंग्लिश मीडियम प्रधान पाठक शरणजीत कौर और उपप्रधान पाठक एस आर सेन ने पंडित नेहरू के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डायरेक्टर श्री सिन्हा ने बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए नेहरू जी के बच्चों की प्रति प्रेम एवं उनके भविष्य की प्रति परिकल्पना के बारे में बताया।

उन्होंने कहा बच्चे भारत के भावी विरासत होते हैं और उनका मन सरल, निर्मल एवं जिज्ञासु होता है हम उन्हें जैसा आकार देना चाहे, जैसा बनाना चाहे बना सकते हैं। बाल दिवस पर प्रथम पाली के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाए। इस दिन प्लेनेटोरियम शो का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी दी गई। पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस वाद विवाद एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी की आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। चारों ही सदन महानदी, गोदावरी ,इंद्रावती, शिवनाथ सदन के छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं पालक शिक्षक समिति के सदस्य घनश्याम चंद्राकर, झरना सोनवान, विद्या साव और शिक्षण समिति के संरक्षक चंदा सिन्हा उपस्थित थे।

# तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह साहू सदन अटारी पाटन में सम्पन्न हुआ। तहसील साहू संघ पाटन में नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू एवं उपाध्यक्ष संगठन सचिव को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की देवी भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना से हुई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छग शासन, अध्यक्षता डॉ. नीरेंद्र साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर, विशिष्ट अतिथि नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, रामशीला साहू पूर्व मंत्री छग शासन, कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में लालेश्वर साहू अध्यक्ष, डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, विमला साहू उपाध्यक्ष महिला, सुरेन्द्र कुमार साहू संगठन सचिव, भुनेश्वरी साहू संगठन सचिव नें शपथ ली। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छग.शासन ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुते कहा कि समाज में युवा एवं महिला पदाधिकारी प्रत्येक इकाई में 10 कार्यकताओं को तैयार कर काम करने की सलाह दी और साल में एक अच्छा काम करें जिसको समाज याद करें तथा वरिष्ठ लोगों का सलाह लेकर समाज हित में काम करने की बात कही।

नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग ने निवृत्तमान अध्यक्ष व पदाधिकारियों के द्वारा शपथ कार्यक्रम के विरोध मे प्रदेश मे दिए आवेदन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि ये बहुत ही पीड़ादायक विषय है की आज चुनाव परिणाम के बाद पूर्व अध्यक्ष व कुछ लोगो के द्वारा चुनाव मे अपनी करारी हार को बर्दास्त नहीं क़र पा रहे हैं। इस विषय पर कहा कि पूर्व चुनाव मे पूर्व तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू स्वयं डेलीगेट्स चुनाव हारे थे पश्चात भी उन्हें सदन नें स्वीकार किया व तहसील अध्यक्ष के रूप मे सम्मान दिया लेकिन आज समाज के मतदाता भाई बहनो के मतदान से लालेश्वर साहू एवं उनके सभी पदाधिकारी को भारी मतो से जीत दिलाई हार को पचा नहीं पा रहे हैं। इसलिए शपथ कार्यक्रम का विरोध क़र रहे है. जो पूरी तरह गलत है. समाज मे हार जीत होते रहता है, इस पर ध्यान न देकर समाजिक भाव सहयोग कर सहभागिता देना चाहिए. समाज मे नए व कार्य करने वाले युवा, युवती सबको सम्मान मिलना चाहिए, और उन्हें समाज मे कार्य करने का दायित्व मौका मिलना चाहिए। तहसील साहू संघ पाटन के अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए सभी को बधाई देते हुए कहा की हम सब एक परिवार है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दिव्या कलिहारी, कृष्ण कुमार, दिलीप साहू, प्रशान्त साहू, त्रिभुवन साहू, अशोक कुमार साहू और दिनेश साहू आदि मौजूद थे।



■ समाज के विकास व हित में करेंगे कार्य : लालेश्वर साहू

## कुर्मी गुंडरा धान खरीदी केंद्र में अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

कुर्मी गुंडरा धान खरीदी केंद्र में अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगा है। उल्लेखनीय है कि कुर्मी गुंडरा धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी के लिए धान तौलक ठेका के लिए विज्ञापन प्रकाशित कर दुकानों पे चसपा किया गया था। जिसके चलते पांच आवेदन दिए गए थे लेकिन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक व्यक्ति को सीधे धान खरीदी धान खरीदी तौलक की ज़िम्मेदारी देने की जिद की वजह से तीन बार प्रक्रिया टल गई। चौथी बार की बैठक में गतिरोध के चलते विवाद की स्थिति निर्मित हो गई चार लोग जो फ़ार्म जमा किए थे उनका कहना था की ज़ब सीधे एक व्यक्ति को देना था तो मुनादी और विज्ञापन जारी करने की क्या आवश्यककता थी। इस संबंध में समिति प्रबंधक कुर्मीगुड़ा बीरेंद्र कुमार ठाकुर का कहना है कि टेंडर निकाला गया है जिसमे पांच लोगो का आवेदन अभी आया है। जिसका निराकरण होना है। वहीं एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव ने समिति प्रबंधक से इस संबंध में चर्चा करने की बात कही है। वहीं अध्यक्ष दानीराम वर्मा का कहना है कि अधिकारी के अनुसार अनुभवी लोगो को लिया गया है और विपक्ष के लोग इस पर राजनीतिक कर रहे हैं।



## स्थापना दिवस पर सम्मानित किए गए स्वच्छता वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नंदिनी अहिवारा

जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट अहिवारा में स्वर्गीय लाला कमलापत सिंघानिया का 141 जन्म दिवस फाउंडेशन डे के रूप में मनाया गया। स्वर्गीय लाला कमलापत सिंघानिया के चित्र में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्लांट के कर्मचारी एवं हजारों की संख्या में श्रमिकों ने एकत्रित होकर उक्त कार्यक्रम में भाग लिया एवं मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि देश की आर्थिक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में जेके ऑर्गनाइजेशन द्वारा अहम भूमिका निभाई गई एवं कई हजारों लाखों लोगों तक रोजगार उपलब्ध करने का कार्य किया गया। दुर्ग जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख कैप्टन शिरीष शुक्ला ने कहा कि ऐसे विशेष दिन में कारखाने में कार्यरत स्वच्छता वीरों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान दिया जाता है। इसी कड़ी में सफाई कर्मी स्वच्छता वीरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्ग जेके लक्ष्मी प्लांट के कारखाना प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत, सीनियर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकुल श्रीवास्तव, , मानव संसाधन विभाग के प्रमुख कैप्टन शिरीष शुक्ला और मनीष तिवारी सहित सभी विभाग के प्रमुख, कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित थे।




### पुलगांव वासियों ने मंत्री गजेंद्र यादव का जताया आभार

**अंडा।** सर्वांगीण विकास करने के लिए मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा निरंतर विकास कार्य की नींव रखी जा रही है। इसी क्रम में पुलगांव में भी लगभग 40 लाख रुपए



की लागत से विकास कार्य की नींव रखी गई। भाजपा के लक्ष्मीकांत दुबे ने बतलाया कि वार्ड के मुख्य मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर हो चुकी थी आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था आवागमन को सुगम बनाने मंत्री यादव के पास सड़क निर्माण करने की मांग रखी गई। समस्या को देखते हुए मंत्री ने स्वीकृति दे दी थी , जिनका भूमिपूजन निगम की जन- प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गया । उक्त अवसर पर दुर्ग महापौर अलका बाघमार,नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा, वार्ड पार्षद अश्विनी निषाद, महेंद्र लोढा, कौशल साहू,भूपेंद्र, दिनेश आदि उपस्थित थे।

### सरकार छात्रों को प्रोत्साहन देकर संतुलन बनाए : जैन



**जामगांव आर।** महंत पोसुदास शासकीय हाई स्कूल सुरपा में सरस्वती सायकल योजना के तहत 23 बालिकाओं को शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन के मुख्यातिथ्य में सायकल वितरण हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रमोद जैन ने कहा कि स्कूल कालेज में बालकों की संख्या में तेजी से आ रही गिरावट की ओर सरकार को अविलंब प्रेरणादाई अभियान चलाना चाहिए। जिससे बिगड़ रहे सामाजिक संतुलन को संभाला जा सके। इस अवसर पर सरपंच चंद्रहास साहू, सांसद प्रतिनिधि देवनाद देवांगन, किशोर सेन, अभिषेक सेन, लोकेश्वर निर्मलकर, मोहन देवांगन, डोमन बघेल और प्राचार्य राजेन्द्र वर्मा मंचासिन रहे। सायकल वितरण में सुव्यवस्था बनाने में सरोज देवांगन, सरिता झा, बबिता सोनवनसी और झमन निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

## जहां की मिट्टी भी पारस है उस देश का नाम भारत है : भूपेन्द्र पांडे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

अहगन माह में पिन्टु वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन गुंडरदेही के कथावाचक भुपेन्द्र पांडे ने सुकदेव परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जहाँ की मिट्टी भी पारस है उस देश का नाम भारत है।जन्म जन्मांतर से पाप करने वाला भी अंतिम समय भगवान का नाम लेता है तो उसे मुक्ति मिल जाती है। इस कथा में प्रमुख रुप से पिन्टु वर्मा, पुष्कर वर्मा, चन्दुलाल वर्मा, नंदकुमार वर्मा, ईश्वरीय वर्मा, बलराम वर्मा, योगिता वर्मा, मंजु वर्मा, बदरा बाई, कल्याणी बाई, बिन्दु बाई, मनीषा वर्मा, दुर्गा वर्मा, पुजा वर्मा, भुनेश्वरी, खोमेन्द्र, विनय, मेघु, टिकेन्द्र नाथ और पुनीत वर्मा सहित इंदिरा नगर पाटन मुहल्लावासी उपस्थित थे। प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा,मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, केशव बंछोर और दिलिप साहु ने कथा पंडाल में पहुँच कर महराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विद्यार्थियों ने चलाया जागरुकता अभियान

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सेवाकार्य कर रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिरसिदा विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में प्रारंभ हुआ। युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इस पहल का उदघाटन मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही ने किया। अध्यक्षता एम एल देशमुख प्राचार्य माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही ने की। विशेष अतिथि सरस्वती चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, दामिनी चंद्राकर उपसरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, इंद्रजीत चंद्राकर, आलोक चंद्राकर, जी. आर.शर्मा, कुलदीप साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद, लीना देवांगन प्राचार्य शा. पूर्व माध्य.शाला सिरसिदा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर का उद्देश्य छात्रों को जीवन में सामाजिक मूल्यों के साथ साथ व्यक्तित्व का विकास है। इस दौरान नशा मुक्त युवा थीम पर गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें स्वच्छता, शिक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एवं नारी सशक्ति पर प्रोत्साहन दिया जाएगा।कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन में संचालन संजय शुक्ला वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी ने और आभार व्यक्त रुद्रप्रताप साहू ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू, वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र,नीतीश राज,रुचि देशमुख, रुद्र प्रताप साहू एवं समस्त स्वयंसेवक सेवक उपस्थित थे।




जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ
शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार श्री प्रनोद जायसवाल आ. श्री भगवान जायसवाल, 46 वर्ष, निवासी- 99, कैंप-02, न्यू संतोषी पारा, भिलाई-01, जिला-दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला है तथा उसकी पुत्री बरखा जायसवाल द्वारा मेरे पक्षकार के इच्छा के विरुद्ध दुसरे जाती समुदाय में स्वेच्छा से विवाह कर लिया है। इससे मेरा पक्षकार काफी मानसिक व सामाजिकरूप से पीड़ित है तथा उसने यह दृढ़ इच्छा एवं संकलिप्त होकर अपनी चल एवं अचल संपति से समाचार प्रकाशन दिनांक से बेदखल कर दिया है। मेरे पक्षकार का एवं उसकी पुत्री बरखा जायसवाल से कोई भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है।

नेरा पक्षकार अपनी पुत्री बरखा जायसवाल से हमेशा के लिए सम्बन्ध समाप्त करता है। मेरा पक्षकार उसकी पुत्री बरखा जायसवाल के किसी भी कार्य के लिए जवाबदार नहीं है।

सो आम जनता सूचना जाने।

दिनांक-18/11/2025

सौरभ कुमार शुक्ला
अधिवक्ता
मुहर
बार रुम नं.-02, जिला न्यायालय, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### वैशाली नगर विधान सभा स्तरीय विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर ट्रेनिंग कार्यक्रम आज

**भिलाई।** भारत सरकार के निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाई जा रहा है। कांग्रेस पार्टी द्वारा वार्डो में इसकी सूचनाएं और फार्म भरने की जानकारी दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं को एसआईआर के संबंध में नियमों की जानकारी देने के साथ मतदाताओं के नामों में परिवर्तन न हो और न ही किसी मतदाताओं का नाम कटी जा सके। इसकी जानकारी देने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद वर्मा द्वारा 19 नवंबर को सुबह 11.30 बजे से उज्वल मंगल भवन अवंती बाई चौक कोहका में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने भिलाई पहुंच रहे है । विनोद वर्मा को कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित करने का अनुभव है। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर द्वारा वैशाली नगर विधान सभा में विधान सभा क्षेत्र के सभी ब्लाकों में विशेष गहन परीक्षण कार्यक्रम हेतु प्रभारियों की नियुक्ति किया गया है।

### राजेश बने दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य

**भिलाई।** कांग्रेसी नेता राजेश शर्मा को भारत सरकार संचार एवं सूचना तकनीकी मंत्रालय की दूरसंचार



सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। पूर्व में राजेश शर्मा केंद्रीय जेल दुर्ग में अशासकीय जेल संदर्शक रह चुके हैं। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के अनुशसा से राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन ने पत्र जारी किया। जिसमें केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजेश शर्मा को सदस्य नामित किया है। श्री शर्मा बीएसएनएल टीएसी में प्रतिनिधियों की भागीदारी से उपभोक्ताओं की समस्याए और सुझाव सीधे विभाग तक पहुंचेंगे। राजेश ने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद रंजीता रंजन और केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### किसान से 3.15 लाख रुपए की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम ग्राम तर्रीघाट निवासी खिलेश्वर सिन्हा खेती और शेयर मार्केट में निवेश का काम करता है। शेयर मार्केट ट्रेडिंग के दौरान 3.15 लाख रूपये का ठगी किया गया है। पाटन पुलिस ने बताया कि यूट्यूब के माध्यम से जानकारी एकत्र कर कम्युनिटी नमक व्हाट्सअप ग्रुप से पीड़ित जुड़ा था। जिसमे लाभ देने वाले स्टॉक खरीदने के लिए सुझाव दिया जाता था। वाट्सअप के एडमिन अंकुश सुरेश जैन ने बाहुबली ब्रोकरेज फर्म नमक एप से ट्रेडिंग करने का सुझाव दिया। एप के माध्यम से ट्रेडिंग करने लगा और लगभग 3.15 लाख रूपये शेयर मार्केट में लगाया। जब मै पैसा निकलना चाह तब पैसा नहीं निकल रहा था। तब अंकुश सुरेश जैन से उसके मोबाइल पर संपर्क किया। तब वह प्रॉफिट कॉम्पीटीशन चल रहा है, इसलिए नहीं निकलने की जानकारी दी।

# बीएसपी में सिमट रही सुविधाएं, एमटीटी पलायन के लिए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में सिमटती सुविधाएं एमटीटी कर्मियों को नौकरी छोड़ने पर मजबूर कर रही हैं। साल में औसत पच्चीस प्रशिक्षु इंजीनियर अन्य उपक्रमों की ओर पलायन कर रहे हैं। इस मामले में बीएसपी और सेल प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कई अन्य सार्वजनिक उपक्रमों की तुलना में सेल बीएसपी में कार्मिकों को वेतन और अन्य बुनियादी सुविधाएं कमतर हैं। प्रबंधन द्वारा अपडेट नहीं किये जाने का खामियाजा नवागंतुक कार्मियों के साथ बीएसपी को भी भुगतना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक इस माह दो और एमटीटी इंजीनियरों ने बीएसपी की नौकरी छोड़ने के लिए आवेदन दिया है। इसके पहले भी आधा दर्जन प्रशिक्षु इंजीनियर नौकरी छोड़कर अन्य उपक्रमों में जा चुके हैं। हर साल करीबन 25 से 30 कार्मिक नौकरी छोड़ रहे हैं। इसकी वजह कर्मचारियों की आवासीय, मेडिकल आदि सुविधाओं का सिमटना है। बीएसपी टाउनशिप में आवास जहां छोटे हैं वहीं पचास साल पुराने और जर्जर होने के बाद भी मेंटेनेंस भी नहीं किया जा रहा है। इस कारण कर्मियों का परिवार के साथ गुजारा मुश्किल होता है। सभी सेक्टरों के क्वार्टर साठ के दशक में हुए हैं। जबकि भेल, एनटीपीएसपी और कोल माइंस आदि उपक्रमों के क्वार्टर आकार में बड़े हैं और प्रबंधन द्वारा इनका नियमित मेंटेनेंस भी कराया जाता है। इसके चलते नवागंतुक कार्मिक बीएसपी से एनटीपीसी और भेल आदि की ओर पलायन करने मजबूर हो रहे हैं।

## कर्मियों के लिए हैं छोटे आवास, मेंटेनेंस भी नहीं

### चिकित्सा सुविधाएं भी हो रहीं कमतर

भिलाई इस्पात संयंत्र से कार्मिकों के पलायन का एक कारण चिकित्सा सुविधा का सिमटना भी है। यहां बीएसपी जेएलएन सेक्टर नौ अस्पताल में पिछले कुछ साल से विशेषज्ञ चिकित्सकों और सेवा के स्तर में गिरावट आ रही है। आधा यूनियनों के मुताबिक यह अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। इससे कर्मियों को जेएलएन अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्हें अन्य अस्पताल की ओर रुख करना पड़ रहा है।



### नहीं बन रहे बड़े आवास

बीएसपी ने टाउनशिप में पिछले चालीस साल से नए मकानों के निर्माण नहीं करवाया है। पुराने आवास तंग और जर्जर हो रहे हैं। कई मकानों को अनफिट घोषित किया जा चुका है। यूनियनों द्वारा कर्मियों के लिए टू बीएचके और थ्री बीएचके आवासों के निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन अब तक इनका निर्माण नहीं किया गया है। इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि जल्द बड़े आवासो का निर्माण किया जाना चाहिए। वहीं सेक्टर नौ अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति के साथ अस्पताल का निजीकरण नहीं होना चाहिए।

## दुर्ग में जुटे प्रदेशभर के बुनकर संघ प्रतिनिधि

# सरकारी विभागों में दीगर राज्यों से कपड़े खरीद रहे हजारों बुनकर परिवार की आजीविका संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरकारी विभागों में दीगर राज्यों के कपड़े खरीदे जाने से छत्तीसगढ़ राज्य के बुनकरों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दुर्ग ,बालोद, रायपुर,राजनादगांव, खैरागढ़ ,धमतरी, बेमेतरा सहित प्रदेशभर के जिले से बुनकर संघ के प्रतिनिधि व सदस्यों की बैठक हुई। इस दौरान भाजपा सरकार के नई रीति नीति से नाराज होकर जमकर नारेबाजी की।

### भंडार क्रय नियमों ऐसा उल्लंघन

छत्तीसगढ़ शासन के भंडार क्रय नियम 8 तीन में सभी शासकीय विभागों सार्वजनिक उपक्रमों में उपयोग होने वाले वस्त्र एवं रेडीमेड गारमेंट की पूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य के बुनकरों द्वारा उत्पादित हथकरघा एवं खादी वस्त्र से ही किया जाने का प्रावधान है हथकरघा वस्तु की आपूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का विकास एवं विपणन सहकारी संघ रायपुर को नोडल एजेंसी अधिकृत किया गया है। खादी वस्त्रों की आपूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड को अधिकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस एजेंसी शासकीय विभाग में केवल उन्हीं वस्तु का आपूर्ति हेतु निर्मित होता है। इस नियम एवं उद्देश्य है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत 17000 बुनकर परिवारों को नियमित रोजगार साधन उपलब्ध हो सके लेकिन भाजपा सरकार बदलते ही नियम उल्टा कर दिया गया सरकारी विभाग खादी बोर्ड से बाहर के राज्यों से पावर लोम निर्मित वस्तु खरीद रहे हैं।

## दुर्ग, बालोद, रायपुर सहित प्रदेशभर में हैं 17000 बुनकर परिवार





### मुख्यमंत्री, खादी ग्रामोद्योग मंत्री को सौंपा ज्ञापन

बुनकर संघ प्रमुख लखन देवांगन ने बताया कि बीते 25वर्षों से चल रही आजीविका पर असर पड़ेगा, बुनकर परिवारों को अन्य प्रदेशों में पलायन करना पड़ेगा। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, खादी एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री गजेंद्र यादव को ज्ञापन भी दिया गया है फिर अभी तक कुछ नहीं हुआ। समय रहते सरकार बुनकर परिवार की मांगों को गंभीरता से लेवे, सभी नाराज बुनकर संघ नहीं तो सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### 25 प्रतिशत काम देने का अब नया नियम

बुनकर संघ का कहना है कि सरकारी समिति का उद्देश्य पूरी तरह से विफल कर दिया गया है यह छत्तीसगढ़ के सीधी साधी बुनकर परिवारों की मानो आर्थिक हत्या है, क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग पुलिस विभाग चिकित्सा विभाग वन विभाग स्कूल शिक्षा विभाग जेल विभाग अन्य विभाग को बड़ी मात्रा में वस्त्रों की आवश्यकता होती है उनके पूर्व छत्तीसगढ़ में राज्य हथकरघा विकास एवं वितरण सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के द्वारा निरंतर आपूर्ति मांग उद्देश्य प्राप्त हो रहा था जिससे हथकरघा संघ का संबंध 329 बुनकर सरकारी समितियां के 13500करघों पर शासकीय वस्त्रों के उत्पादन से संबंध 70000 हजार बुनकर परिवार को वस्त्र बुनाई से रोजगार प्राप्त होता था लेकिन भाजपा सरकार आते ही सरकार सिर्फ पचास प्रतिशत काम देगी, तो बुनकर परिवारों को भूखे मरने की नौबत आ जाएगी।

# जुए के फड़ से 39 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बड़ा फड चल रहा था
- 43 मोबाइल भी बरामद व 9.25 लाख रुपए जब्त

जुए की बड़े फड़ से पुलिस ने दबिश देकर 39 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गया नगर कोस्टा तालाब दुर्ग के पास पुलिस ने दबिश दिया। जहां जुआरियों को पकड़ा गया। जिसमें बोरसी निवासी हरीश देशमुख, गंजपारा उल्लास, गया नगर दुर्ग प्रलय राजपुत, केलाबाड़ी मिराज अली, दीपक यादव, गिरधारी नगर दुर्ग सुरेश यादव, राजीव नगर बाबा गुप्ता,अर्जुदा जिला बालोद डेलेन्द्र कुमार, वार्ड न० 7 थाना अर्जुदा महेश कुमार जैन, गिरधारी नगर गोलू यादव, खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग राजेश गुजराती, पोटियाकला पुलगांव रवि साहू , खेलावन साहू, पोटियाकला बस्ती फामेश्वर निषाद, तामेश्वर कुमार, ग्रीन चौक मोहन नगर कमल गाढा, पदमनाभपुर लक्की राजपुत, हरना बांधा दुर्ग प्रशांत जाटव, शक्ति नगर मोहन नगर आकाश साहू, कन्हैयापुरी पदनामपुर विनोद साहू, सुभाष नगर राहुल सिंग, जवाहर नगर नितीश देशमुख, ग्रीन चौक सुरेन्द्र सुलाखे, शंकर नगर दुर्ग अमन सिंह पवार, सेक्टर 5 भिलाई शैलेन्द्र पाण्डेय,जवाहर नगर दुर्ग दिपेश कुमार सोनी , बोरसी पुलगांव हरीश कुमार पुरी, चंडी मंदिर के पास दुर्ग सुरेश कुमार, राम नगर मोहन नगर मोहम्मद रफीक , डिपरापारा सिटी कोतवाली अरूण तरोडे, राम नगर उरला बंसत कुमार सोनी, शंकर नगर दुर्ग अभिनव उमरे, अजय दिवान, उरला त्रिलोक कामडे, संगम चौक मोहन नगर नितेश जैन , नयापारा दुर्ग शाहिल हिरन खेडे , उरला युकेश्वर खरे , ग्रीन चौक चीनू ठाकुर, गया नगर दुर्ग भागवत देशमुख को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरी भागवत देशमुख के यहां जुआ खेला जा रहा था। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश पत्ती, मोबाइल समेत अन्य सामान जब्त किया है।

## सर्व समाज कल्याण समिति ने की मेधावी छात्रा की मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सर्व समाज कल्याण समिति ने एक जरूरतमंद परिवार की मदद की है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए और उनके आग्रह पर समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने पहल की। सीएमए की पढ़ाई कर रही एक मेधावी छात्रा की शिक्षा बीच में न रुके इसलिए समिति ने 16 हजार रुपये की सहायता राशि चेक के रूप में सौंपी।

इंद्रजीत सिंह छोटू का कहना है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई पैसे की कमी में नहीं रुकनी चाहिए। इसी विश्वास के साथ टीम लगातार ऐसे परिवारों तक पहुंच रही है जिन्हें समय पर सहारा मिलने से बड़ा फर्क पड़ सकता है। इस दौरान अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह, जोगा राव, रवि कुशवाहा, शाहनवाज कुरैशी, डॉ. हरजिंदर सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## रेलवे सुरक्षा को लेकर आईजी ने ली बैठक



**भिलाई।** रेलवे सुरक्षा को लेकर आईजी राम गोपाल गर्ग ने बैठक लेकर हिदायत दिया है। इस दौरान एसपी जीआरपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा विशेष रूप से मौजूद थी। जिला पुलिस, जीआरपी, आर.पी.एफ के अधिकारीगण भी मौजूद थे। बैठक में रेलवे स्टेशनों एवं परिसर पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, अपराधों की रोकथाम, बदलते समय में उभर रही चुनौतियों के प्रति बेहतर काम करना है। आईजी गर्ग ने कहा कि रेलवे स्टेशन,परिसर की सुरक्षा, यात्री विश्वास से सीधे जुड़ी है।जीआरपी, आरपीएफ और जिला पुलिस का आपसी तालमेल मजबूत होगा। तभी अपराध नियंत्रण के लक्ष्य को पूरा कर पाएगें। रेलवे स्टेशनों एवं पार्किंग क्षेत्रों में जांच सशक्त ऐप के माध्यम से वाहनों की जांच अनिवार्य करे, त्रिनयन ऐप का अधिकाधिक उपयोग करने,साइबर प्रहरी के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाने को कहा है। मानव तस्करी और मादक पदार्थ तस्करी जैसी गंभीर चुनौतियों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए उन्होंने सभी एजेंसियों को संयुक्त कार्रवाई करने को कहा है। विशेष निगरानी और नियमित चेकिंग अभियान संचालित करने को कहा है। जीआरपी, आरपीएफ टिकट काउंटरों और प्लेटफॉर्म क्षेत्रों और परिसर में संदिग्धो की चेकिंग, स्थानीय पुलिस व रेलवे पुलिस टीम के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल, साइबर अपराधों से बचाव के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए। नशे के आदी व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें पुनर्वास केंद्र भेजा जाए। रेलवे सुरक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण एएसपी अभिषेक झा, ऑनलाइन मोनिका ठाकुर, डीएसपी शिल्पा साहू, डीएसपी जीआरपी एस.एन. अख्तर, आरपीएफ प्रभारी दुर्ग संजीव कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## खुर्सीपार गेट पर बेदखली की बड़ी कार्रवाई सालों से रोड किनारे था अतिक्रमण



**भिलाई।** जोन क्रमांक-4 शिवाजी नगर वार्ड क्रं. 51 खुर्सीपार गेट चौक जी.ई.रोड सर्विस रोड पार्किंग स्थल से भिलाई निगम ने सालों पुराने कब्जों को हटाने की कार्रवाई की। मंगलवार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की विशेष मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया जा सका। कोर्ट में बेजा कब्जा हटाने की याचिका भी लगाई गई थी। याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कब्जा हटाने का आदेश भी दिया लेकिन काबिज अड़े रहे। इसलिए इस कार्रवाई को दल-बल के साथ किया गया।

### इन कब्जाधारियों को किया बेदखल

वार्ड क्रं. 51 निवासी, बंसी बाजार आवेदक लक्ष्मण दिवाकर द्वारा संतोष अहिरवार द्वारा संचालित मोची व्यवसाय की दुकान के कारण सार्वजनिक आवागमन बुरी तरह बाधित हो रहा था। अवैध दुकान को हटाने की यह कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न हुई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा कर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ ऐसी ही सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक प्रभारी हरिओम गुप्ता सहित निगम का पूरा तोड़फोड़ दस्ता टीम मौके पर उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने किया सम्मानित



**भिलाई।** जिले में चाकूबाजी की घटनाओं पर रोकथाम करने वाले पुलिस कर्मियों को एसएसपी विजय अग्रवाल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। कुल 22 चाकूबाजों को पुलिस ने अब तक पकड़ा है। इसके अलावा बुलेट मोटर सायकल में मोडिफाईड साईलेंसर लगाकर मार्ग में तेज गति से चलाकर फटाके की आवाज निकलने वालों पर भी कार्रवाई की गई। इसमें अहम भूमिका निभाने वाले 22 प्रधान आरक्षक, आरक्षकों को , बुलेट मोटर सायकल में मोडिफाईड साईलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ 6 सहायक उप निरीक्षकों 28 अधिकारियों, कर्मचारियों ने बेहतर काम कर दिखाया है। इनमें सउनि ट्रैफिक रमेश दुबे, विनोद सिंह, राजू उर्वसा ,नन्दू यादव, सानि ट्रैफिक अश्वनी सिंह,प्रवीण सिंह,आरक्षक कमलकांत अंगूरे, प्रशांत पाटनणकर,प्रधान आरक्षक ज्ञानदत्त मिश्रा, दिनेश सोनी,आर राजकिशोर तिवारी, ऋतुराज सिंह, गजेन्द्र साहू, प्र.आर. रोहित कर्माकर, आरक्षक खिलेश कुर्रे, प्र.आर अमर सिंह, आर सूर्य प्रताप सिंह, अजीत सिंह, दुर्गेश सिंह, प्रीतम सिंह हरिवंश, रजनीकांत,रवि साव, नियाज खान, दिनेश डहरिया, इसरार अहमद, छोटेलाल, भौखम साहू, नीलमदास गोस्वामी शामिल है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## स्कूली बच्चों ने सीखा अनुशासन व नेतृत्व का सबक

# मैत्रीबाग मे कब बुलबुल उत्सव में बीएसपी-ईएमएमएस-6 रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई के तत्वावधान में मैत्री बाग में कब–बुलबुल उत्सव मनाया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि मुख्य जिला आयुक्त शिखा दुबे द्वारा किया गया। इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर-6 कब–बुलबुल उत्सव में विजेता रही। इस अवसर पर जिला आयुक्त (गाइड) एवं प्राचार्य बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 सुमिता सरकार ने अपने स्वागत उद्बोधन में इस श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए सभी कब–बुलबुल प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं तथा उत्सव में शामिल शालाओं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। बीएसपी की विभिन्न शालाओं के लगभग 200 कब–बुलबुलों ने इस रंगारंग उत्सव में भाग लिया। ध्वजारोहण एवं झंडा गीत के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में



प्रार्थना के बाद बच्चों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शिखा दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि कब–बुलबुल गतिविधियाँ बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व जैसे मूल्यों को बचपन से विकसित करती हैं।उत्सव के दौरान पूर्व वर्ष की भांति कुल ग्यारह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों की रचनात्मक प्रतिभा का मूल्यांकन किया गया। सामूहिक नृत्य प्रस्तुति में कब–बुलबुलों ने प्रकृति, पशु-पक्षियों एवं परियों की विविध वेशभूषा एवं मुखौटों के साथ संगीतमय प्रदर्शन प्रस्तुत किया। बुलबुल-ट्री प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने विद्यालय द्वारा तैयार खूबसूरत बुलबुल-ट्री के पास घेरा गीत गाते हुए प्रस्तुति दी। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकृति संरक्षण, प्रदूषण जागरूकता, पशु-पक्षी सुरक्षा, बालिका शिक्षा और देशभक्ति जैसे सामाजिक विषयों को चित्रित किया। विविध वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न रूपों को प्रस्तुत किया। गंध पहचान, स्वाद पहचान, तथा गाँठ बाँधो प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी त्वरित पहचान क्षमता, एकाग्रता और कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं बुलबुल छात्राओं ने 15 मीटर रस्से पर संतुलन दिखाते हुए अपने शौर्य एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया।

### नौनिहालों की हुई हौसला आफजाई

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास, जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर मजबूत राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया और सभी कब–बुलबुलों को सीखे गए मूल्यों को जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया। शिखा दुबे ने कब–बुलबुल गतिविधियों एवं शिक्षा विभाग में चल रहे संबंधित कार्यों कीजानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक मनीष तिवारी द्वारा किया गया व धन्यवाद ज्ञापन भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने दिया।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



लाइव इवेंट

## भये प्रकट कृपाला दीनदयाला और सोहर गीतों में झूमें श्रद्धालु



**भिलाई।** संकटमोचन हनुमान मंदिर, कैंप 1 में चल रहे रामकथा सप्ताह में कथा के चौथे दिन भये प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी भजन गाकर भगवान राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।


■ श्री रामकथा के अमृतपान से श्रद्धालुगण मंत्रमुग्ध

इस अवसर पर सोहर गीत गाकर चाकलेट, बिस्किट और खिलौने लुटाकर बधाईया दी गई। अयोध्या से पधारे पूज्य श्रीश्री 108 संत शिरोमणि दामोदर दास महाराज के मुखारविंद से अमृतमयी दिव्य रामकथा के सुनने रोज काफी संख्या में आसपास सहित दूर दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे है। कथा में रामजन्मोंत्सव कथा के अवसर पर नागेंद्र मिश्र, अच्युतानंद पाण्डेय, मदन अग्रवाल, छबील अग्रवाल ने कथा का रसपान किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु राम जन्म की खुशियां बांटी और से खुशी से नाचते- झूमते हुए भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला भजन में राम जन्म पर बधाइयां लुटाई। भगवान का बालरूप देखकर सभी काफी संख्या में उपस्थित महिलाएं, बुजुर्ग और युवा खुद को रोक नहीं पाए और श्रद्धालुओं द्वारा सोहर गाकर, नाचकर, पटाखे की गूंज और गुब्बारे आदि की सजावट, पुष्पवर्षा की गई। राम कथा को सुनकर सभी श्रद्धालुओं ने आयोजक आचार्य ओम प्रकाश द्विवेदी से आर्शिवाद लेकर कथा में यथासंभव सहयोग करने की बातें कही। 14 से 22 नवंबर तक प्रतिदिन राम कथा दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा के चौथे दिन वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्रा, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भी कथा का श्रवण किया और राम जन्म की बधाईयां दी।



● सुबह और शाम की ठिठुरन के बावजूद बगीचों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाने के लिए उत्साहित

# सर्दी चढ़ते ही शहर की नर्सरी सजने लगी, ठंड के मौसम में खिलने वाले पौधों की बढ़ी मांग,सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने में भी मददगार



**भिलाई। ट्विनसिटी में ठंड के आगमन के साथ ही बागवानी प्रेमियों की सक्रियता बढ़ गई है। घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ बागवानी मानसिक तनाव कम करने और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने में भी मददगार मानी जाती है। यही कारण है कि ठंड के मौसम में बागवानी का शौक रखने वालों की संख्या हर साल लगातार बढ़ रही है। नर्सरी और फूल बाजारों में इन दिनों गुलदावदी, पिटूनिया, पैंजी, गेंदा, साल्विया और डायन्थस जैसे सर्दी में खिलने वाले मौसमी पौधों की मांग तेज़ हो गई है। सुबह–शाम की ठिठुरन के बावजूद लोग अपने घरों और बगीचों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाने के लिए उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।**

### मौसमी पौधों की बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी



सुपेला अंडरब्रिज के पास लगने वाली नर्सरी संचालकों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में मौसमी पौधों की बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गुलदावदी और पिटूनिया सबसे अधिक बिकने वाले पौधों में शामिल हैं। इसके साथ ही लोग किचन गार्डन के लिए पालक, मेथी, धनिया, चुकंदर, गाजर और गोभी जैसी सर्दियों की सब्जियों के पौधे व बीज भी खरीद रहे हैं। बागवानी विशेषज्ञों का कहना है कि सर्द मौसम फूलों की खेती के लिए सबसे अनुकूल माना जाता है। कम तापमान और साफ धूप पौधों की बढ़वार के लिए उपयुक्त वातावरण देती है।

### ठंडी हवाओं से बचाने पौधों को कवर करें

प्रकृति प्रेमी भिलाई निवासी रामू मुखर्जी हर बदलते मौसम के हिसाब से गार्डनिग करते रहते है। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि सर्दी के मौसम में जैसे हम लोगो को ठंड से बचने जतन करने पड़ते है ठीक वैसे ही पौधों को भी स्पेशल केयर की जरूरत होती है।। रामू सलाह देते हैं कि पौधों को सुबह की धूप जरूर मिले, जबकि उन्हें ठंडी हवाओं से बचाने के लिए शाम के समय हल्का कवर या शेड का उपयोग लाभदायक होता है। मिट्टी में गोबर खाद या कम्पोस्ट मिलाने से पौधों की गुणवत्ता और फूलों की संख्या दोनों बढ़ती है।घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ बागवानी मानसिक तनाव कम करने और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने में भी मददगार मानी जाती है। यही कारण है कि ठंड के मौसम में बागवानी का शौक रखने वालों की संख्या हर साल लगातार बढ़ रही है।



### सर्दियों में फूल उगाने के लिए आसान टिप्स

ठंड के मौसम में पौधों की देखभाल करने एक हिस्सा मिट्टी और एक हिस्सा गोबर खाद-कम्पोस्ट और थोड़ा रेत के साथ रोजाना 4 से 6 घंटे की धूप जरूरी होती है। पौधों में बहुत ठंड में कम पानी दें, मिट्टी सिर्फ हल्की नम रखें। हर 15 दिन में तरल खाद या गोबर खाद डाले। सुरक्षा की दृष्टि से ओस और पाला से पौधों को बचाने के लिए रात में हल्का कवर दें।

### सर्दियों में उगने वाले फूल

- गुलदाउदी सर्दियों में खिलने वाला सबसे लोकप्रिय फूल पीला, सफेद, लाल, नारंगी और पर्पल रंग में आता है। जिसे रोज दिन में 4 से 5 घंटे की धूप जरूरी है। जिसकी देखभाल करना आसान है जो गमलों और क्यारियों दोनों में बढ़िया से खिलता है।
- पिटूनिया लंबे समय तक खिलने वाला फूल है। जो पिंक, व्हाइट, ब्लू, वायलेट रंग में उपलब्ध होता है और कम पानी में भी उग जाता है लेकिन मिट्टी अच्छी होनी चाहिए। पिटूनिया घर की रेलिंग और लटकने वाले गमलों के लिए लोकप्रिय है।
- पैंजी का फूल ठंड में खूब खिलता है, चेहरे जैसे डिजाइन वाला यह फूल छोटे होते हुए भी बहुत आकर्षक होते है। जिसे हल्की धूप और ठंडा वातावरण पसंद है।
- डायन्थस गुलाबी, लाल, सफेद, मल्टी कलर में आते है जो
- हल्की ठंड से लेकर कड़ी सर्दी तक आसानी से बढ़ता है। छोटे बगीचों और गमलों के लिए बढ़िया विकल्प होता है।
- साल्विया लाल और पर्पल स्पाइक जैसे फूल धूप वाली जगह में खूब बढ़ता है और एक बार बढ़ने पर लगातार खिलता रहता है।
- पीला और नारंगी रंग का गेंदा सर्दियों का सबसे भरोसेमंद फूल माना जाता है जो कीड़े से जल्दी प्रभावित नहीं होता और अच्छी धूप में जल्दी होता है।
- स्नैपड्रैगन लंबी स्पाइक वाले खूबसूरत फूल, ठंडा मौसम पसंद करते है लेकिन इसे हवा से बचाकर रखें। कटिंग फ्लावर के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है।
- एस्टर–डेज़ी जैसे फूल पर्पल, व्हाइट, पिंक में नवंबर से फरवरी तक भरपूर खिलते हैं। कम देखभाल में अच्छा बढ़ता है।

# बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन में दिखा रहे अपनी प्रतिभा का कौशल

**भिलाई।** नारायण प्रीमियर लीग 2025 का आयोजन दुर्ग में उत्साह और जोश के साथ किया गया। कार्यक्रम में बाल खिलाड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट, तालबद्ध ड्रिल और विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से अपनी अनुशासन, प्रतिभा और उत्साह का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

■ मार्चपास्ट, तालबद्ध ड्रिल कर किया प्रीमियर लीग 2025 का उद्घाटन



नारायण ई-टेक्नो स्कूल बोरसी में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों में खेल भावना, टीमवर्क और आत्मविश्वास का संचार करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में ग्रुप के स्टेट हेड के. हरीकृष्ण, एजीएम दुर्ग धर्मेंद्र राव, रोहित राव, प्राचार्या मनीषा अवस्थी सहित अनेक अभिभावक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नारायण प्रीमियर लीग के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, बैडमिंटन सहित विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना और खेल कौशल का विकास करना है। उद्घाटन समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई रंगारंग झांकी, नृत्य और ड्रिल मनमोहक रही। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे आयोजन का माहौल उत्साह, उमंग और खेल के जज्बे से सराबोर रहा। यह प्रीमियर लीग विद्यार्थियों को प्रतिभा दिखाने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगी।

## 21 स्टॉल में सीखा संख्यात्मकता कौशल बालवाड़ी से लेकर 1-5 तक के बच्चे शामिल

**भिलाई।** बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के कौशल को मजबूत करने के लिए के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीआरपी महुवारी संकुल मरोदा टैंक में प्राथमिक विभाग द्वारा एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सीखने सिखाने से संबंधित हिंदी ,गणित और अंग्रेजी विषय पर 21 स्टॉल लगाए थे। यह गतिविधियां बालवाड़ी से लेकर कक्षा 1-5 तक के बच्चों के लिए विशेष प्रभावशाली व उपयोगी रही। जिसमें बच्चों के सीखने के लिए प्रारंभिक शिक्षा के लिए घटाव मशीन, अंकों का जोड़, आंख मिचौली, जोड़ मशीन और अन्य अवधारणा के साथ चित्र चार्ट के माध्यम से बुनियादी भाषा और संख्या सीखने का ज्ञान प्राप्त कर रहे थे। बेहद ही मनोरंजक रूप से सभी बच्चे आत्मविश्वास के साथ सभी अवधारणा पर कार्य करते रहे।



शिक्षक ओंकार वर्मा और अर्शिया इकबाल ने आयोजन में तीन दिनों तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेले में सभी शिक्षक, प्रधान पाठक नूतन गुप्ता और मंजू साहू, पालक, संकुल प्रभारी और प्राचार्य मित्रा राय चौधरी, समग्र शिक्षा कार्यालय से एपीसी राजपूत, विनोबा से सौरभ साहू और ग्रामवासियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सिटी इवेंट

## राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में, सांस्कृतिक और शिक्षण का होगा आदान-प्रदान





**भिलाई।** लखनऊ में 19 से 29 नवंबर तक आयोजित होने जा रही 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के लिए छत्तीसगढ़, रायपुर संभाग के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से चयनित स्काउट और गाइड का दल रवाना हुआ। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजन भारतीय स्काउट और गाइड संगठन की अधिवेशन श्रृंखला है जिसमें भारत के अलावा पड़ोसी देशों के दल भी भाग लेकर सांस्कृतिक और शिक्षण का आदान-प्रदान कर देश को सशक्त बनाते हैं।

इस जंबूरी में जीवन कौशल विकास, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, सामुदायिक सेवा, नेतृत्व विकास, टीमवर्क, पायनियरिंग, नॉट्स एवं लेशिंग, एडवेंचर गतिविधियाँ, पर्यावरण संरक्षण, रात्रि शिविर एवं अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विविध गतिविधियों का संचालन किया जाएगा, जिनसे बच्चों का व्यक्तित्व निर्माण नई दिशा प्राप्त करेगा। रायपुर संभाग के केंद्रीय विद्यालयों का नेतृत्व डॉ अजय आर्य एवं डॉ. मोना अली कर रहे हैं। स्काउट एवं गाइड के इस दल में अनुग्रह बंजारें, मानवी सोनी, गरिमा वर्मा, ज्योति बांधे, आरुषि साह, साक्षी साहू, अनुष्का शर्मा, रिया ठाकुर, सुजल वर्मा, रिशभ वर्मा, ऋषभ चतुर्वेदी, शिवम राय, मोनिश लशेर, संभव प्रताप उपाध्याय, आदर्श कुमार और कृष्णकांत शामिल हैं, जो पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी दक्षता, अनुशासन और सेवा-भाव का प्रदर्शन करेंगे। दल संचालक डॉ. अजय आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय जंबूरी बच्चों में आत्मविश्वास, सेवा-भाव, साहस, संयम और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सर्वोत्तम अवसर है। यह आयोजन केवल गतिविधियों का समूह नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला का अभ्यास है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी पूरे देश और पड़ोसी राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ सीखने, समझने और अनुभव साझा करने जा रहे हैं। सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार एवं पीबीएस उषा ने बच्चों को स्काउटिंग की मर्यादा का पालन करते हुए अनुशासन, सेवा और समर्पण के साथ जंबूरी में भाग लेने का निर्देश दिया। प्रिंसिपल अशोक चंद्राकर और प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जंबूरी विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा राष्ट्रीय मंच है, जहा वे अपने कौशल का प्रदर्शन करने के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक धरोहर और स्काउटिंग की परंपरा को गौरवान्वित करेंगे।

■ केन्द्रीय विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड दल का प्रस्थान

सबरीमाला में अय्यप्पा के दर्शन करने 24 लोगों का जत्था केरल रवाना

कार्नर न्यूज

# दुर्गम रास्तों को पार कर चढ़ेंगे सबरीमाला की 18 पवित्र सीढ़ियां, एक महिला सहित 24 स्वामी जत्था रवाना

**भिलाई।** केरल स्थित विश्व के प्रसिद्ध धार्मिक स्थान 800 साल प्राचीन सबरीमाला मंदिर में भगवान अय्यप्पा के दर्शन करने सोमवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्वामीगणों का एक जत्था रवाना हुआ। तीर्थयात्रा का यह 19वां वर्ष है। 24 सदस्यों के इस जत्थे में एक महिला भी शामिल है। इनकी वापसी 21 नवंबर को होगी। जत्थे में शामिल ज्यादातर स्वामीगण 41 दिनों का कठिन व्रत भी रख रहे हैं, जिसमें शाकाहारी भोजन, सात्विक जीवन, ब्रह्मचर्य, शारीरिक एवं मानसिक पवित्रता और भगवान अय्यप्पा की नियमित पूजा की जाती है। केरल में दो महीने चलने वाली यह यात्रा मकरविलक्कू दिवस के साथ समाप्त होगी।



### पवित्र 18 सीढ़ियां चढ़कर करेंगे दर्शन

सबरीमाला यात्रा के दौरान केरल में मंडला पूजा और मकरविलक्कू के अवसर पर दो भव्य अनुष्ठान होते हैं, जिनमें लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। सहकरण शबरीमाला यात्रा संघ के तत्वावधान में स्वामिये शरणमय्यप्पा के जयकारे के बीच निकाली गई यात्रा में शामिल स्वामीगण काले वस्त्र पहने हुए इरुमुड़ी (गठरी) को शिरोधार्य करके नंगे पैर ही शबरीमाला मंदिर की पंच धातुओं से निर्मित 18 पावन सीढ़ियां चढ़कर भगवान के दर्शन करेंगे। इन पावन सीढ़ियों के अलग-अलग अर्थ होते हैं। पहली पांच सीढ़ियां मनुष्य की पांच इंद्रियों का प्रतीक होती हैं, इसके बाद वाली आठ सीढ़ियों को मानवीय भावनाओं से जोड़ा जाता है। जबकि अगली तीन सीढ़ियां मानवीय गुण और अंतिम दो सीढ़ियां ज्ञान और अज्ञान का प्रतीक होती हैं।

### एरुमेली मंदिर में धारण करेंगे इरुमुड़ी



ये स्वामीगण भगवान अय्यप्पा को समर्पित एरुमेली मंदिर में पहले इरुमुड़ी धारण करेंगे, उसके बाद गले में माला पहने हुए प्राचीन मंदिरों के दर्शन करके सबरीमाला पहुंचेंगे, जहां पंपा नदी में पवित्र स्नान करने के बाद अय्यप्पा स्वामी के दर्शन करेंगे। भक्तों के सिर पर रखी इरुमुड़ी में शुद्ध घी से भरा नारियल, श्रीफल एवं पूजा सामग्री होती है। घी से भगवान अय्यप्पा का अभिषेक करते हैं, जबकि पूजा सामग्री भगवान को अर्पित की जाती है। जत्थे में प्रदीप मेनन, आरुष, बी अनिल कुमार, जीवनंदन देशमुख, मोहित गुप्ता, एसएस जीतेंद्र, वाई कार्तिकेय, जी वेंकट सुब्रमण्यम, राजश्री गुप्ता, श्रीकांत शर्मा, सोमशेखर, उन्नीकृष्णन, आदित्य नायर, दीपक चौरसिया, लक्ष्मीकांत जादे, सुजीत नायर, अनूप कुमार, मणिकांत, पीजीआर पिल्लै, सुभाष जी नायर, विनोद कुमार, वी राजेश्वरी, अंश और जयप्रकाश शबरीमाला रवाना हुए हैं।

सिटी इवेंट

## अयोध्याधाम में सम्मानित हुईं कवियित्री शशिकला पाण्डेय



**भिलाई।** श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में उदासीन संगत ऋषि आश्रम रानोपाली अयोध्या धाम में विश्व संभ्रांत समाज विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में कार्यक्रम संचालित हुआ। जिसमें अनुज पाठक राष्ट्रीय संरक्षक,मनोज कुमार महतो राष्ट्रीय महासचिव, बीना गोयल वरिष्ठ कवियित्री राष्ट्रीय प्रभारी उपस्थित रहे। देश के सभी राज्यों के चयनित 40 कवियों को आमंत्रित कर पुस्तक विमोचन एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ से शशिकला पाण्डेय उच्च वर्ग शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरुद भिलाई छत्तीसगढ़ एवं चन्द्रकला शर्मा प्रधान पाठक शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड 12 बेमेतरा को राम राष्ट्रीय कवि अवार्ड रत्न सम्मान 2025 प्रदान किया गया। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम की पावन धरा में राष्ट्रीय स्तरीय कवि सम्मेलन में हमारे छत्तीसगढ़ राज्य से दो कवियित्री चयनित हुए।

धर्म लाइव

## नागरिक अधिकार रक्षा मंच का पुनर्गठन



**दुर्ग।** नागरिक अधिकार रक्षा मंच का पुनर्गठन और विस्तार करने के उद्देश्य से आदर्शनगर में बैठक हुई। बैठक में संगठन के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें शुद्ध जल, शुद्ध वायु, रसायन रहित भूमि, जीविका, सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन के अधिकार सहित संविधान प्रदत्त अधिकारों और मानवाधिकार की रक्षा करने के लिए कार्य करने का निर्णय लिया गया। आवश्यकता पड़ने पर सक्षम न्यायालय में याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया है। नागरिक अधिकार रक्षा मंच की बैठक में राजकुमार गुप्त, चित्तेश्वर पिपरिया, प्रमोद पंवार, बीजू, कल्याण सिंह ठाकुर, मनोज मिश्रा आदि शामिल रहे। चित्रेश्वर पिपरिया को जिला संयोजक का दायित्व दिया गया। राजकुमार गुप्त ने बताया कि नागरिक अधिकार रक्षा मंच की अगली बैठक दिसंबर के पहले सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया है।

समाज इवेंट

## जननायक बिरसा मुंडा को किया याद, एकजुटता का लिया संकल्प

**भिलाई।** बीएसपी एससी, एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के



अध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में डॉ. अम्बेडकर प्रेरणा स्थल सेक्टर-6 में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस दिन को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि केआर शाह ने बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केआर शाह ने कहा कि यह वास्तव में हम सब के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बिरसा मुंडा के जीवन को रेखांकित करते हुए बताया कि 15 नवम्बर 1875 को जन्में महान स्वतंत्रता सेनानी और न सिर्फ मुंडा जनजाति अपितु सम्पूर्ण जनजाति के गौरव थे। उन्होंने झारखण्ड में हुए आंदोलन का सफलता पूर्वक नेतृत्व किया। भारत के समस्त आदिवासी उन्हें धरती आबा के नाम से पुकारते हैं। उन्होंने जल जंगल जमीन की रक्षा और शोषण के विरूद्ध महाविद्रोह उलगुलान चलाया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि हम बिरसा मुंडा जयंती के पावन अवसर पर जनजाति गौरव दिवस आयोजन कर यह संदेश देने में सफल हुए हैं। हम सब एक हैं। अपने एससी, एस टी वर्गो के सभी समुदायों को शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक एवं आत्म सम्मान के लिये जागरूक रहना होगा। कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केन्द्रीय गोड महासभा धमधागढ़, नमिता ठाकुर, धनेश्वर सिंह धुर्वे, उदय धावर्दे, कमल टंडन, अश्लेष मरावी, श्याम लाल नेंगी, बहादुर जयसवारा, सविता मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे।

## महिला प्रकोष्ठ का हुआ विस्तार पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा महिला प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी का विस्तार



किया गया। अध्यक्ष सुषमा सिंह ने क्षत्रिय कल्याण सभा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, मंत्री सुनील कुमार सिंह और संगठन मंत्री मानवेंद्र सिंह की सहमति से महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में किरण सिंह और पूनम सिंह सचिव बनी। कोषाध्यक्ष का दायित्व ममता सिंह शाही को सौपा गया है। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह की सहमति से महिला प्रकोष्ठ इकाई अध्यक्ष सुषमा सिंह की अनुशंषा पर महिला प्रकोष्ठ इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। मंत्री सुनील कुमार सिंह, संगठन मंत्री मानवेन्द्र चंद सिंह ने सहमती दी। नवपदस्थ पदाधिकारी व कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष शशि प्रभा सिंह, गीता सिंह, सचिव किरण सिंह, पूनम सिंह, सह सचिव नीलम सिंह, मनु राधा सिंह, कोषाध्यक्ष ममता सिंह शाही, सह कोषाध्यक्ष शशि कला सिंह, संगठन मंत्री श्वेता सिंह, दिव्या सिंह, प्रचार मंत्री गायत्री सिंह, पुष्पा सिंह, सांस्कृतिक सचिव वंदना सिंह, अरुणा सिंह, वरिष्ठ सलाहकार उमा सिंह, कार्यकारिणी सदस्य उषा सिंह, सुषमा सिंह बोरसी, कल्पना भदौरिया, कल्पना सिंह, नीलू सिंह, प्रमिला सिंह, मीनाक्षी तोमर को जिम्मेंदारी दी गई है।

● कामधेनु विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता मितान- 2025 का आगाज

# मोबाइल और सोशल मीडिया के युग में खेल स्वस्थ रहने का मूलमंत्र, खेलभावना की दिलाई शपथ

**दुर्ग।** छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते युग में खेलकूद सभी आयु वर्ग के लोगो को सक्रिय रखने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने में विशेष भूमिका निभाते है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए यह बातें कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह ने दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर कही। इस दौरान कुलपति द्वारा सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। कामधेनु विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता मितान 2025 का आगाज मंगलवार को हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में वेटनज अंजोरा, डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज रायपुर, मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा और पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राओं के बीच बालीवॉल, कबड्डी, खो-खो, टेबल-टेनिस, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं खेली गई। जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मंजू रॉय के नेतृत्व में दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में 18 और 19 नबंबर तक अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता मितान-2025 की उद्घाटन कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.बी.पी.राठिया, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा व पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा डॉ.संजय शाक्य, निदेशक शिक्षण डॉ.एस.पॉल, निदेशक जैव प्रौद्योगिकी डॉ.मीनू दुबे, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी, प्राध्यापक, कर्मचारी, क्रीडा अधिकारी और बरत सिंह दीवान, डॉ.शबीर अनंत उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में वेटनज अंजोरा, डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज रायपुर, मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा और पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राओं के मध्य बालीवॉल, कबड्डी, खो-खो, टेबल-टेनिस, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं खेली गई।







### अपने लक्ष्यों के प्रति रहें अनुशासित

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मंजू रॉय ने छात्र-छात्राओं को भाईचारे की भावना से खेलने की सलाह देते हुए कहा कि मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में खेलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवावस्था में खेलकूद हमारी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ हमें अनुशासित और बेहतर इंसान बनाते है। खेल प्रतियोगिताओं में कुछ जीतेंगे और कुछ हारेंगे लेकिन हर प्रतियोगिता का उद्देश्य हमें अपने लक्ष्यों के प्रति और अधिक अनुशासित करना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आशुतोष तिवारी और क्रीडा अधिकारी बरत सिंह दीवान द्वारा किया गया।




### विद्यार्थियों का समग्र विकास

खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर कुलपति ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खेल भावना से प्रेरित होकर खेलने की बातें कही। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीतने से खुशी मिलती है और हारने पर और अच्छा करने की सीख मिलती है। छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण स्थान है इससे विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है। मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते युग में खेलकूद हमें सक्रिय रखने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई।

वकीलों ने सीखी कानून की बारीकियां

## डिग्री नहीं, कोर्ट रूम से शुरू होता है वकालत का सफर : नीता जैन

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला अधिवक्ता संघ ने संयुक्त रूप से जिला एवं सत्र न्यायालय के नये सभागार में एक दिवसीय विधिक कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा और वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अदालती प्रक्रिया की बारीकियों और कानून के व्यावहारिक पक्ष से रूबरू कराना था। कार्यशाला में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।




कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रशांत पाराशर, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग, भूपेश कुमार बसंत प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग उपस्थित थे। इसके साथ ही जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, अतिरिक्त विशेष लोक अभियोजक प्रकाश शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे।

कार्यशाला के दौरान प्रशांत पाराशर ने सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 9, घोषणात्मक डिक्रियां तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 4 के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तृत एवं सरल व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने इन विषयों की न्यायिक प्रक्रिया में उपयोगिता तथा अधिवक्ताओं के लिए इनके व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डालकर उनका मार्गदर्शन किया। जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने कहा कि अधिवक्ता का जीवन केवल डिग्री प्राप्ति तक सीमित नहीं है। उसकी वास्तविक यात्रा न्यायालय की चौखट पर पहला कदम रखते ही प्रारंभ होती है। इस यात्रा को दिशा देने हेतु सतत प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। वहीं अतिरिक्त विशेष लोक अभियोजक प्रकाश शर्मा ने स्वापक औषधि एवं एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत व्याख्या की तथा अधिवक्ताओं को व्यावहारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

**पेंटिंग प्रदर्शनी रहा आकर्षण का केंद्रः** कार्यशाला के उपरांत प्रतिभागियों ने केंद्रीय जेल, दुर्ग के कैदियों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा निर्मित पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत चित्रों में कैदियों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति, आत्मचिंतन और सकारात्मक बदलाव की झलक स्पष्ट दिखाई दी। प्रत्येक कृति न केवल उनकी कलात्मक प्रतिभा का प्रमाण थी, बल्कि सुधार एवं पुनर्वास की दिशा में उठाए गए सार्थक कदमों का भी परिचायक बनी।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर जारी की सलाह

## अपनी सेहत का रखें ध्यान, पुरुषों में किडनी स्टोन की बढ़ रही शिकायतें

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 19 नवम्बर को मनाया जा रहा है। इसे लेकर चिकित्सकों ने एडवाइजरी जारी की है। पुरुषों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि करियर, परिवार और जिम्मेदारियों के दबाव में पुरुष अक्सर अपनी सेहत को सबसे आख़िरी में रखते हैं, जबकि यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। भारत में प्रोस्टेट, किडनी और यौन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

राष्ट्रीय कैंसर आंकड़ों के अनुसार पुरुषों के कैंसर मामलों में प्रोस्टेट कैंसर का योगदान अब 6% से भी अधिक हो चुका है, वहीं किडनी स्टोन, मूत्र संक्रमण और प्रोस्टेट बढ़ने जैसी यूरोलॉजिकल समस्याएं पिछले एक दशक में लगभग दोगुनी गति से बढ़ी हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति और भी चिंताजनक है। दुनिया भर में हर वर्ष 1.4 मिलियन नए प्रोस्टेट कैंसर के केस दर्ज होते हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2040 तक यह संख्या लगभग दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नवीन राम दारूका ने एक कार्यशाला में कहा कि वैश्विक अध्ययनों के अनुसार दुनिया में 150 मिलियन से अधिक पुरुष इरेक्टाइल डिस्फंक्शन से जूझ रहे हैं। 2025 तक यह संख्या 300 मिलियन पार कर सकती है, जबकि प्रीमेच्योर इजैक्युलेशन का वैश्विक प्रीवलेंस लगभग 30% है।




भारत में भी स्थिति लगभग समान है, लेकिन पुरुष अब भी इन विषयों पर खुलकर चर्चा करने से हिचकिचाते हैं।

90% समस्याएँ सुलझाई जा सकती हैं। मनोचिकित्सक डॉ. प्रशांत अग्रवाल बताते हैं कि पुरुष अक्सर मानसिक दबाव को चुपचाप सहते रहते हैं, जिससे अवसाद, एंग्जायटी और तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन समाज की अपेक्षाएं उन्हें मदद लेने से रोक देती हैं। पुरुषों को अपनी भावनाओं को दबाने के बजाय साझा करना, आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ से मिलना और मानसिक स्वास्थ्य को कमजोरी नहीं बल्कि सेहत का हिस्सा समझना चाहिए, क्योंकि सही मार्गदर्शन और थेरेपी से जीवनशैली और रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार संभव है। 40 वर्ष के बाद नियमित पीएसए टेस्ट कराना आवश्यक है।

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

# बच्चों को रोज वेद, पुराण और पूजा विधि सिखाएं नैतिक शिक्षा और संस्कारों पर दें अधिक ध्यान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम जगन्नाथ मंदिर सभागार सेक्टर 6 में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, राष्ट्रीय कार्य करणी सदस्य ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, संभागीय सचिव अजय शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, नगर अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी उपस्थित थे। लक्ष्मीकांत तिवारी ने समाज की गति विधि पर जानकारी देते हुए समाज की आगामी होने वाले कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से बताया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि समाज को और अधिक लोग मजबूती प्रदान करने के लिए प्रवास, संपर्क और बैठकें लगातार जारी रखें। महिला और युवा प्रकोष्ठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और अपनी सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस पर फोकस करते हुए सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वार्ड और बूथ स्तर तक जाकर समाज के लोगों की बैठक ली जाए, तब हमारा समाज, संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समाज सरयूपारीण, कान्यकुब्ज, सनाढ्य, गौड़, जिझोतिया, नर्मदे, मैथिल, केरल, उड़िया आदि की संस्था, समितियों में रहकर कार्य कर रहा है।



### अच्छे अभिभावक बन बच्चों को बनाएं संस्कारवान

राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर विशेष ध्यान दे। सदैव ब्राह्मण की सोच सर्वे भवन्तु सुखिनः... की रही है। इसलिए शिक्षा के लिए हम अपनी आने वाली पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें। पूजा-पाठ के लिए लिए ज्यादा प्रेरित करें। एक अच्छे अभिभावक बनें। प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने कहा कि समाज लगातार हर गतिविधि जैसे परशुराम जयंती के साथ सामाजिक सद्भाव वाले कार्यक्रम करता आ रहा है, आगे भी योजना बना कार्यक्रम कराएंगे।




### प्रांत और जिला स्तर पर होंगे समाज के सभी परिचय सम्मेलन

प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने शादी योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन प्रांतीय और जिला स्तरिय कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज लगातार सभी गतिविधियों जैसे परशुराम जयंती के साथ सामाजिक सदभाव वाले कार्य क्रम करता आ रहा है आगे भी योजना तैयार कर के कार्य क्रम किया जाएगा। इस अवसर पर संभागीय सचिव अजय शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, स्वीटी कौशिक संभागीय महासचिव ,ज्योति शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रत्नेश तिवारी, रमेश तिवारी, संध्या मंडलोई, सीमा तिवारी, मिथलेश शर्मा, रमेश शर्मा, सत्येंद्र बहादुर तिवारी, अरविंद तिवारी, पंकज शर्मा, प्रदीप भट्टाचार्य, अरुण पंडा , सी एम महापात्र, रमेश तिवारी, मनोज तिवारी, अनुपमा शुक्ला, प्रमिला दुबे पूर्व पार्षद, एन पी मिश्रा, अवधेश पांडे, गीता मिश्र, कमलेश मंडलोई, रवि शंकर मिश्र, चंद्रशेखर द्विवेदी , पंकज शर्मा, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, ब्रज मोहन तिवारी, सुनीता शर्मा, रविन्द्र, जितेंद्र शुक्ला अनुपमा , उर्मिला उपाध्याय, राजीव तिवारी, जितेंद्र मिश्र, पूनम मिश्रा, विनीता तिवारी बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय नेटबॉल : दुर्ग जिले के खिलाड़ी दोनों वर्ग में अव्वल



**भिलाई।** चौथी जूनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता 15 और 16 नवंबर को अंबिकापुर में आयोजित की गई। जिसमे दुर्ग जिला नेटबॉल संघ की बालक एवं बालिका की टीम ने भाग लिया एवं अपना उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्ग में चैंपियन बने। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि बालक वर्ग प्रथम दुर्ग, द्वितीय-जांजगीर-चांपा, तृतीय स्थान संयुक्त टीम रायपुर एवं धमतरी एवं बालिका वर्ग प्रथम दुर्ग, द्वितीय सरगुजा, तृतीय संयुक्त टीम धमतरी एवं रायपुर रही। यह प्रतियोगिता नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा एवं छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में आयोजित की गई। इस जीत पर जिला नेटबॉल संघ की ओर से विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया गया साथ ही कोच, मैनेजर एवं ऑफिशियल की भूमिका निभाने हेतु मोहन राव, इमरान खान, मनोज साहू, मिशा सिंह, शिवांगी के योगदान को सराहा गया। जिला नेबल से सोनम शर्मा, अब्बास आलम, विजय छलोतरे, संतोष साहू एवं सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

### स्टेट लैक्रोस चैंपियनशिप में नेशनल के लिए चुने खिलाड़ी



**रायपुर।** एनटीपीसी लारा, रायगढ़ में तीसरे स्टेट लैक्रोस चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि दिवाकर कौशिक सीईओ और विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार ईडी एनटीपीसी लारा थे। स्पर्धा में राज्यभर के लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे नेशनल फेडरेशन कप जम्मू के लिए 28 खिलाडियों का सिलेक्शन किया गया. जो 5 से 7 दिसंबर तक कटरा में आयोजित होगा। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में जनप्रतिनिधि नगर पंचायत अध्यक्ष मोहित सत्पथी, जिला पंचायत सदस्य भाग्यवती दोलनारायण नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमलता हरिशंकर चौहान, सरपंच महलोई तरुण प्रधान, जनपद सदस्य प्रकाश गुप्ता एवं लैक्रोस एसोसिएशन के ऑफिशियल व हेड कोच राजनारायण प्रधान, विजय कांटे, विवेकानंद यादव, अजय शर्मा, श्रीमती मेनका यादव, गर्ल्स टीम श्रीमती पूजा यादव, बीडी चौहान कमेंटेटर, टेक्निकल टीम ऑफिशियल अभिनव सत्पथी, राहुल वैष्णव कोच, रेफरी प्रेमलता निषाद, ज्योति प्रधान, आँचल चौहान, डिप्पी चौहान, जिज्ञासा कलैत, सोनम गुप्ता, सोनम बंजारा, कमलेश सरल, उदित बालन, उत्कर्ष, जय आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देववतार चौधरी सेक्रेटरी लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ ने आभार व्यक्त किया।

### नेशनल स्पोर्ट्स मीट भुवनेश्वर में एकलव्य विद्यालय को 11 पदक



**रायपुर।** चौथी नेशनल एकलव्य मॉडर्न आवासीय विद्यालय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन 11 से 15 नवंबर तक भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ से महासमुंद के एकलव्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, शतरंज, कबड्डी एवं एथलेटिक्स में 11 पदक जीतने में सफलता हासिल की। खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 02 रजत और 05 कांस्य पदक जीते हैं। एकलव्य के खिलाड़ियों ने तीरंदाजी चैंपियनशिप के 14 वर्ष बालक वर्ग में नमन मांझी ने इंडियन राउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक, 19 वर्ष बालक वर्ग में जयंत ठाकुर ने कंपाउंड राउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक, 19 वर्ष बालिका वर्ग में लिलिमा नाग ने टीम इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं 19 वर्ष बालक वर्ग में योगेश नाग एवं टुकेश कमार ने टीम इवेंट में रजत हासिल किया। 14 वर्ष बालक वर्ग इंडियन राउंड टीम इवेंट में नमन मांझी, दिगंबर नेताम एवं उदित नारायण भोई ने कांस्य पदक हासिल किया। 19 वर्ष बालक वर्ग व्यक्तिगत इवेंट इंडियन राउंड में योगेश नाग ने कांस्य पदक हासिल किया। 14 वर्ष बालिका वर्ग इंडियन राउंड टीम इवेंट में कुमुदनी दीवान, डिंपल दीवान एवं रिया दीवान ने कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। शतरंज टीम प्रतियोगिता में कुणाल ठाकुर ने स्वर्ण एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने में सफलता हासिल की। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने कांस्य पदक जीते। जिसमें महासमुंद से कन्हैया ध्रुव एवं अक्षय विशाल शामिल रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुंदन लाल दीवान ने कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। जिला खेल एवं युवा कल्याण द्वारा खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर का संचालन एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में किया जा रहा हैं, जिसमें प्रतिदिन अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी करने एवं पदक जीतने में सफलता मिल रहीं है।

इस मौसम में कुछ बीमारियों से प्रभावित लोगों को बरतनी चाहिए अतिरिक्त सतर्कता

# सर्दियों में इन बीमारियों का भी बना रहता है खतरा, बचाव के साथ उठाएं मौसम का लुत्फ

सर्दियों का मौसम आपके लिए मुसीबत बन सकता है। जानते हैं उन बीमारियों के बारे में जिससे आपको परेशानी हो सकती है।सर्दियों का मौसम हर किसी को पसंद आता है। भीषण गर्मी से राहत मिलती है। गुलाबी और सर्द हवा से सुकून पहुंचता है। हालांकि, इस दौरान आपके बीमार होने की संभावना भी बढ़ जाती है। दरअसल पर्यावरण में ठंड तो होता ही है साथ ही शरीर के तापमान में भी गिरावट आती है। शरीर को इन परिस्थितियों में एडजस्ट होने में दिक्कत होती है। वहीं जिनकी इम्यूनिटी कमजोरी होती हैं उनके लिए सर्दियों का मौसम मुसीबत बन जाता है। आइए जानते हैं सर्दियों के मौसम में कौन-कौन सी दिक्कतें परेशान कर सकती है।



### सर्दी-जुकाम

ठंड के मौसम में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से बढ़ने लगते हैं। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है वही इस दौरान हमारी इम्यूनिटी भी गिर जाती है जिस वजह से बैक्टीरिया और वायरस आसानी से हम पर अटैक कर पाते हैं। ठंडी हवा ही नाक में होने वाले इम्यून रिस्पांस को नुकसान पहुंचाती है। वहीं ठंड के मौसम मे लोग घर के अंदर ज्यादा रहते हैं जिससे वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से पहुंच जाते हैं।

बचाव- अदरक की चाय, हल्दी वाला दूध, स्टीम, तुलसी का काढ़ा ये आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं और सर्दी जुकाम में राहत मिलती है।



### गठिया

सर्दियों के मौसम में धूप के संपर्क में ना रहने के कारण शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाती है और विटामिन डी की कमी जोड़ों के दर्द को ट्रिगर करती ।है इसके अलावा ठंड और नामी भरा मौसम भी गठिया की समस्या पैदा कर सकता है। बचाव के लिए शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं, विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें और हाइड्रेटेड रहें।

### वेट गेन

अक्सर ठंड के मौसम में वेट गेन हो जाता है। दरअसल इस मौसम में हम बहुत ज्यादा तले भुने चीजों का सेवन करते हैं। इनमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है। वहीं हमारे शारीरिक गतिविधि में भी कमी हो जाती है इससे मोटापा बढ़ जाता है। बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में



पानी पिएं, फाइबर युक्त भोजन करें, अपने सोने का पैटर्न ठीक करें और शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं।

### कब्ज

सर्दियों के मौसम में कब्ज भी बढ़ जाती है। इसके पीछे का भी कारण है अनहेल्दी डाइट और फिजिकल एक्टिविटी की कमी। इससे बचने के लिए फाइबर युक्त भोजन और एक्सरसाइज जरूर करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

## अनीस और टिकेश्वरी म्यूथाई में छत्तीसगढ़ के पहले सर्टिफाइड कोच और निर्णायक बने

**रायपुर।** यूनाइटेड म्यूथाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के तत्वाधान में राजस्थान म्यूथाई संघ द्वारा भारतीय प्रतिभाशाली म्यूथाई खिलाड़ियों की दक्षता बढ़ाने हेतू जयपुर (राजस्थान) के सवाई मानसिंह स्टेडियम में एक अंतराष्ट्रीय वन स्टैंडर्ड म्यू थाई (ओएसएम) म्यूथाई सेमिनार, प्रशिक्षण और ग्रेडिंग कैम्प का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर तक किया गया। जिसके प्रतिभागियों को आईओसी से मान्यता प्राप्त अंतराष्ट्रीय म्यूथाई संस्था आईएफएमए द्वारा प्रमाणपत्र दिया गया।



इस संबंध में राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि ओएसएम सेमिनार में रायपुर से अनीस मेमन, खेल एवं युवा कल्याण दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर) की कोच टिकेश्वरी साहू और जगदलपुर (बस्तर) के युवराज सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया और उल्लेखनीय गौरवशाली सफलताएं हासिल की।

उक्त सेमिनार में भारत के विभिन्न प्रदेशों के 88 खिलाड़ियों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों ने शिरकत की। अनीस मेमन और टिकेश्वरी साहू ने म्यूथाई खेल के आईएफएमए इंटरनेशनल रेफरी कोर्स के प्रमाणपत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ साथ म्यूथाई की उच्चतर ग्रेडिंग "खान -12" की उपलब्धि प्राप्त की। इस तरह ये दोनों आईएफएमए की सर्वोच्च म्यूथाई ग्रेडिंग वाले छत्तीसगढ़ के पहले सर्टिफाइड कोच और निर्णायक बन गए है।

जगदलपुर के युवराज ने अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई प्रशिक्षण सेमिनार ओएसएम प्रमाणपत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ भविष्य में सीनियर वर्ग की अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक दक्षता और प्रमाणपत्र हासिल किया।उन्होंने आगे बताया कि उक्त सेमिनार में आईएफएमए सर्टिफाइड अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक ग्रैंड मास्टर अर्जन छाव, ग्रेड मास्टर अर्जन थानोंग, अंतरराष्ट्रीय टेक्निकल ऑफिशियल अर्जन पुराजै द्वारा भारतीय, खिलाड़ियों, निर्णायक गणों, प्रशिक्षकों को गहन प्रशिक्षण उपराँत योग्यतानुसार ग्रेडिंग और प्रमाणपत्र प्रदान किया।

■ युवराज को अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई प्रशिक्षण सेमिनार में मिला ओएसएम प्रमाणपत्र

इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में म्यूथाई कोचिंग तकनीक, टूर्नामेन्ट में सही निर्णय लेने की बारीकियों के अलावा राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में लागू एंटीडोपिंग, स्पोर्ट्स मनोविज्ञान, स्पोर्ट्स इंजुरी मेडिसिन आदि विषयो की जानकारी ऑनलाइन दी गई।

इस आयोजन में रायपुर के महेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ दल के मैनेजर के रूप में जिम्मेदारी निभाई। चार दिन तक चले सेमिनार में समय समय पर अनेको प्रशासनिक, खेल आदि क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति देकर प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित किया। जिस तरह कराते में ब्लैक बेल्ट की उपाधि होती है वैसी ही दक्षता की उपाधि म्यूथाई में 10 खान की होती है। छत्तीसगढ़ के दोनो प्रशिक्षक गण को 10 खान से ऊपर 12 खान की योग्यता प्राप्त हुई है यह योग्यता पूरे भारत मे बिरले प्रशिक्षकों के पास है।

### इस मौसम खिलाएं स्वादिष्ट मेथी का पराठा



नवंबर के महीने में सर्दियों का मौसम अपने चरम पर पहुंच रहा है। इस मौसम में खाने के कई ऐसे विकल्प मिल जाते हैं, जिसे बच्चे से लेकर घर के बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको मेथी के पराठे की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

मेथी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी के पत्तों को अच्छे से साफ करके धो लें। इसके बाद एक बड़े कटोरे में आटा छान कर निकाल लें। इस आटे में दही, अजवाइन समेत सभी चीजें डाल कर अच्छे से मिला लें।

इसके बाद इसमें स्वादानुसार नमक डालें। अब इस आटे को अच्छी तरह से गूंथ लें। गूंथे हुए आटे ते कभी तुरंत पराठे ना बनाए, बल्कि इसे कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इस आटे से छोटी-छोटी लोइयां तैयार करें।

अब इन लोइंयों से पराठे बनाएं और इन्हें गैस पर दोनों तरफ से तेल लगाकर सेक लें। आप चाहें तो तिकोने आकार के मेथी के पराठे भी बना सकती हैं। जब ये कुरकुरी तरह से सिक जाएं तो एक प्लेट में निकाल कर अचार और दही से साथ इसे परोसें।

## हिमाचल के विरुद्ध छत्तीसगढ़ के रवि ने लिए 2 विकेट



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. की ओर से रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच (16-19 नवंबर) अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, अमतर हिमाचल प्रदेश में हुआ। तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 158 ओवरों में 6 विकेट खोकर 585 रन बनाकर घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से पहली पारी में कुल 3 शतक लगाये गए। अनुज तिवारी ने 162 रनो की शानदार पारी खेली। वहीं मयंक वर्मा तथा कप्तान अमनदीप खरे ने इस सीजन का दूसरा शतक लगाते हुये क्रमशः 112 रन तथा 102 नाबाद रनों की पारी खेली। संजित देसाई ने भी महत्वपूर्ण 84 रनों की पारी खेली। हिमाचल प्रदेश की ओर से एम जे डागर ने 2 विकेट, अर्पित तथा दिवेश ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक हिमाचल प्रदेश ने 94.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 274 रन बना लिए है। हिमाचल प्रदेश की ओर से ए आर कलसी ने 118 नाबाद रन तथा एन गंगता ने 77 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक हिमाचल प्रदेश 311 रनों से पीछे हैं।

### अंडर-19 क्रिकेट में नायडू नेशनल की जीत



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में जारी अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 8 टीम में भाग ले रही है। इन्हें दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में महासमुंद, नायडू नेशनल क्रिकेट अकादमी ,क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी एवं स्टील सिटी भिलाई की टीम में है। वहीं पूल बी में गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी ,आरके अकैडमी, पदमनाभपुर क्रिकेट अकादमी एवं भिलाई वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी है। 30 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन मंगलवार को नायडू नेशनल क्रिकेट एकेडमी एवं महासमुंद के बीच मुकाबला हुआ। जिससे नायडू नेशनल क्रिकेट अकादमी ने 88 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में नायडू नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 249 रन बनाए। अंशुल यादव ने नॉट आउट 75 रन, आदर्श श्रीवास ने 43 रन, आदि यादव ने 35 रन, देवांशु ने 27 रन और शिवम वर्मा ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में महासमुंद के आयुश द्विवेदी ने तीन विकेट और मेहुल देवांगन ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी मे महासमुंद की टीम 161 रन पर आउट हो गई।जिसमें समरेश जोशी ने नॉट आउट 29 रन, आयुष द्विवेदी ने 23 रन और अनमोल द्विवेदी ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी मे नायडू नेशनल क्रिकेट अकादमी के आदि यादव ने 5 विकेट और अंशुल यादव ने तीन विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच आदि यादव रहे। मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं हिमाचल साहू तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### अंडर 14 एलिट ग्रुप क्रिकेट के चारों मैच ड्रॉ रहे



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 एलिट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे दिन मंगलवार को रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध रायपुर का मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर रायपुर को तीन अंक एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन को एक अंक मिला। राजनांदगांव में टीम रायगढ़ विरुद्ध बिलासपुर का मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर रायगढ़ को तीन अंक एवं बिलासपुर को एक अंक मिला। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध रायपुर ब्लू परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर प्लेट कंबाइंड को तीन एवं रायपुर ब्लू को एक अंक मिला। धमतरी मे टीम राजनांदगांव विरुद्ध जशपुर का मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर राजनांदगांव को तीन अंक एवं जशपुर को एक अंक मिला।

कार्नर न्यूज

## आज है अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस

# आज अपने पार्टनर को दें खास सरप्राइज

इस बार पुरुष दिवस पर आप कुछ छोटे लेकिन असरदार कदमों से अपने पार्टनर का दिन यादगार बना सकती हैं। इस पुरुष दिवस पर उन्हें यह एहसास दिलाना सबसे बड़ा उपहार है कि वे देखे, सुने और सराहे जाते हैं।

पुरुष दिवस अक्सर उतनी चर्चा नहीं पाता जितनी कि अन्य खास दिनों को मिलती है। लेकिन सच ये है कि पुरुष हर परिवार, हर रिश्ते और हर सफर में एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़ा रहता है, चाहे वह पिता हो, भाई, पति या पार्टनर हो।

पुरुष अपनी भावनाएं कम दिखाते हैं, जिम्मेदारियां ज्यादा उठाते हैं और थकान को भी मुस्कुराहट के पीछे छिपा देते हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस जीवन के उस खास व्यक्ति को यह जताने का बेहतरीन मौका है कि उनकी मेहनत, उनकी केयर और उनका साथ आपके लिए कितना अनमोल है।

इस विशेष दिन पर सरप्राइज सिर्फ गिफ्ट देने का नाम नहीं, बल्कि उन छोटी-छोटी चीजों से है जो उन्हें महसूस कराएं कि वे भी प्यार, सम्मान और सराहना के योग्य हैं। इस बार पुरुष दिवस पर आप कुछ छोटे लेकिन असरदार कदमों से अपने पार्टनर का दिन यादगार बना सकती हैं। इस पुरुष दिवस पर उन्हें यह एहसास दिलाना सबसे बड़ा उपहार है कि वे देखे, सुने और सराहे जाते हैं।



### पर्सनल डे प्लान करें

हर दिन दफ्तर, कामकाज या बिज़नेस के बीच वे खुद को वक्त नहीं दे पाते। पुरुष दिवस पर उनकी लाइफस्टाइल के मुताबिक पसंद की एक्टिविटीज़ का डे प्लान बनाएं जैसे, लंबी ड्राइव, पसंदीदा कैफे में ब्रंच, गेमिंग, मूवी मैराथन या बस घर पर रिलैक्स डे।

### भावनाओं से जुड़ा पसंदीदा गिफ्ट

पार्टनर की जरूरत और रुचि देखें। परफ्यूम, स्मार्टवॉच, जूते, जैकेट, फिटनेस गियर, पेन या कोई गैजेट तोहफे में दे सकते हैं। इसके साथ एक छोटा सा हैंडरिटन नोट जैसे "मैं तुम पर गर्व करती हूं" या ₹आप मेरा सुकून हैं₹ गिफ्ट को दोगुना खास बना देगा।

### पार्टनर के लिए एक ग्रूमिंग हैंपर

पुरुष खुद पर कम खर्च करते हैं। इस बार उनकी स्किन-केयर और ग्रूमिंग के लिए एक हैंपर तैयार करें। इसमें फेस वॉश, बीयर्ड ऑयल, शावर जेल, परफ्यूम, ट्रैवल किट्स आदि को शामिल कर सकते हैं।

### खास रोमांटिक डिनर नाइट

घर पर कैंडल लाइट डिनर प्लान करें जिसमें उनकी पसंद के पकवान, सॉफ्ट म्यूज़िक और एक छोटी-सी रोमांटिक सेटिंग रखें।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बार एग्जाम की तैयारी पर भावुक हुईं किम, शेयर किया अपना नया वीडियो

हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन पिछले कुछ महीनों से वकील बनने के लिए कैलिफोर्निया बार एग्जाम की तैयारी कर रही थीं। लेकिन



परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया और वो असफल हो गईं थीं, जिसकी जानकारी उन्होंने दी थी। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो साझा किया है। इसमें एक्ट्रेस ने परीक्षा के कुछ हफ्तों पहले अपनी तैयारियों की झलक दिखाई है। एक्ट्रेस किम कार्दशियन ने बार परीक्षा से दो सप्ताह पहले का वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने उस दौरान के पढ़ाई के प्रेशर और अपने स्वास्थ्य का भी जिक्र किया है, जिसमें एक्ट्रेस ने पीठ दर्द और डिस्क जैसी समस्याओं को शामिल किया। अभिनेत्री ने बताया कि इन बाधाओं के बावजूद, उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर अपना ध्यान केंद्रित रखा। वीडियो में एक्ट्रेस ने परीक्षा से एक दिन पहले बोला- 'मुझे हर चीज बहुत अच्छी लग रही है। मेरा शरीर अच्छा महसूस कर रहा है, पिछले दिनों की तुलना में कहीं ज्यादा बेहतर। मुझे अच्छा लग रहा है, मानो मैं पूरी तरह तैयार हूं।' इस वीडियो को साझा करते हुए किम कार्दशियन ने कैप्शन में लिखा, 'मैंने इस सफर के बारे में आपके साथ बहुत कुछ साझा किया है। इस गर्मी में मैंने पढ़ाई के आखिरी दो हफ्तों को रिकॉर्ड किया है। उतार-चढ़ाव और बीच की हर बात।' आगे उन्होंने कहा, '7 नवंबर को मुझे पता चला कि मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर पाई। यह निराशाजनक था, लेकिन यह अंत नहीं था। यह सपना मेरे लिए इतना मायने रखता है कि मैं इससे दूर नहीं जा सकती, इसलिए मैं पढ़ाई जारी रखूंगी।

### टॉलीवुड

## करोड़ों के बजट में बन रहीं भारत की यह सबसे महंगी फिल्म, ग्लोबल लेवल पर होंगी रिलीज

निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' को ग्लोबल लेवल पर रिलीज किया जाएगा, जिसका बजट 1000 करोड़ से भी ज्यादा का बताया जा रहा है। लेकिन



क्या आप जानते हैं सिर्फ वाराणसी ही नहीं बल्कि भारत में और भी फिल्में हैं जिन्हें बड़े स्तर पर रिलीज किया जाएगा।
भारतीय सिनेमा अब केवल घरेलू दर्शकों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसकी पहुंच ग्लोबल मार्केट तक तेजी से बढ़ रही है। यही वजह है कि मेगा बजट फिल्मों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में तीन ऐसी फिल्में रिलीज़ होने वाली हैं, जिनका बजट, स्केल और विजन भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का दावा कर रहा है। इनमें शामिल हैं- महेश बाबू की वाराणसी, रणबीर कपूर की रामायण और अल्लू अर्जुन की फिल्म। एस.एस. राजामौली और महेश बाबू की यह फिल्म भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े ग्लोबल प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। 'वाराणसी' को एक इंटरनेशनल ड्रामा बताया जा रहा है, जिसकी शूटिंग कई देशों में होगी। फिल्म का टीजर हाल ही में लॉन्च किया गया है। इसमें प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन भी काम कर रहे हैं। महेश बाबू इस फिल्म में अपने करियर का सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाते नजर आएंगे। राजामौली पहली बार किसी फिल्म को हॉलीवुड स्तर के प्रोडक्शन मॉडल पर तैयार कर रहे हैं, जिससे इसकी चर्चा विदेशों तक पहुंच चुकी है।
नितेश तिवारी की 'रामायण' हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का सबसे बड़ा पैन-इंडिया प्रोजेक्ट माना जा रहा है। रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे, वहीं भारी-भरकम सेट, वीएफएक्स और मल्टी-स्टारकास्ट इसे भविष्य की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल करते हैं।

### भोजपुरी

## आम्रपाली की फिल्म का महिला ऑडियंस के लिए ऑफर, फ्री टिकट के साथ साड़ियां भी!

भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृ देवो भवः' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने



दर्शकों को आकर्षित करने के लिए एक खास पहल की है। उन्होंने घोषणा की है कि महिलाएं यह फिल्म सिनेमाघरों में मुफ्त देख सकती हैं. मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने इस विशेष ऑफर की घोषणा की। मेकर्स ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'फिल्म 'मातृ देवो भवः' भोजपुरी फिल्म का खास ऑफर! मां के प्यार को समर्पित और सबके दिलों को छूने वाली भोजपुरी फिल्म 'मातृ देवो भवः' अब आपके शहर के नजदीकी सिनेमाघरों में. रोजाना 4 शोः 12:30, 3:30, 6:30, 9:30 बजे. सभी महिलाओं के लिए टिकट फ्री! सिर्फ आज नहीं, हर शो में महिलाएं बिना टिकट फिल्म देख सकती हैं। अपने परिवार के साथ आएं, मां-बेटे के रिश्ते की अनमोल कहानी पर भावुक हो जाएं और लकी ड्रा में 5 मुफ्त साड़ियां! हर शो में बच्चों के द्वारा चुनी गई 5 महिलाओं को मिलेंगी सुंदर साड़ियां। वो भी बिलकुल मुफ्त! आपका प्यार और समर्थन इस फिल्म को सुपरहिट बनाएगा! चलिए, मां के सम्मान के लिए फिल्म देखें और इस अवसर का लाभ उठाएं।' फिल्म 'मातृ देवो भवः' का निर्देशन-निर्माण मछिंद्र कर रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री के साथ महेश कुमार, अनूप अरोरा, मनोज टाइगर, देव सिंह, बबलू खान, संजय पांडे, हीरा यादव, रंभा साहनी और स्वीटी सिंह राजपूत जैसेकलाकार नजर आएंगे।

### लाइफ स्टाइल

## पुरुषों के लिए गुलाबी



2025 में पुरुषों के फ़ैशन ट्रेंड में गुलाबी रंग ने खास जगह बनाई है। ठंड के इस मौसम में फ़ज़ी कोट, रजाईदार स्वेटर और मध्यम लंबाई के ब्लेज़र पेस्टल गुलाबी रंग के विभिन्न रूपों में रंगे गए हैं। केंज़ो से लेकर लुई वुइटन और डायर मेन तक, पारंपरिक रूप से यह रंग रनवे पर चमक रहा है। यह पहल याद दिलाती है कि नए आकर्षक रंगों के साथ लिंग-भेद की राजनीति को दरकिनार करते हुए प्रयोग करने के रास्ते सभी के लिए खुले है।

## बीयर्ड को दें शेप इन टिप्स के साथ आसानी से



शायद ही कोई ऐसा लड़का होगा, जिसे घनी दाढ़ी और मूंछ रखना पसंद नहीं होगा लेकिन कई लड़के ऐसे होते हैं, जिनके सामने दाढ़ी ना निकलने की समस्या आती रहती है। ऐसे में कई युवा दाढ़ी की ग्रोथ को सही करने के लिए बाजारों में मिलने वाले तेल खरीद कर उसका इस्तेमाल करने लगते। इन तेलों में कई प्रकार का केमिकल पाया है। कई बार इनका उल्टा असर भी हो सकता है। ऐसे में इन तेलों को हमेशा सोच समझ के ही इस्तेमाल करना चाहिए।
अगर आपकी दाढ़ी सही से नहीं निकलती है तो आप रोज रात को सोने से पहले बादाम का तेल चेहरे पर लगाएं। अगर आपकी दाढ़ी हल्की है तो आप हल्के हाथ से दाढ़ी पर भी मसाज कर सकते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है, जोकि सही तरह से दाढ़ी निकलने में मदद करता है।
अगर आप टी ट्री ऑयल में थोड़ा सा कैस्टर ऑयल मिलाकर अपनी दाढ़ी पर लगाएंगे तो इसके इस्तेमाल के आपको कुछ ही दिनों में फायदा दिखने लगेगा।
अगर आप किसी तरह का तेल नहीं लगाना चाह रहे हैं तो आंवला और सरसों के पत्तों को साथ में मिलाकर पीस लें और बारीक पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी दाढ़ी घनी दिखेगी। अगर आप चाहते हैं कि आपकी दाढ़ी की ग्रोथ अच्छी रहे तो समय-समय पर ट्रिमिंग कराना बेहद जरूरी होता है। ट्रिमिंग से दाढ़ी की शेप भी सही आ जाती है और ये देखने में भी अच्छी लगती है।
बायोटीन सप्लीमेंट्स के सेवन से ना सिर्फ दाढ़ी में बल्कि बालों की ग्रोथ में भी इजाफा होता है। ऐसे में किसी स्किन स्पेशलिस्ट की सलाह के बाद बायोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन कर सकते हैं।

## शादियों के मौसम में हील्स छोड़ लहंगे के साथ पहनें ऐसे जूते



देवउठनी के बाद अब शादियों का मुहूर्त लग चुका है। ऐसे में अपनी शादी में हर लड़की चाहती है कि वो सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए वो शादी तय होने के बाद से तैयारियां शुरू कर देती हैं। आज के समय लहंगे से लेकर हर एक चीज दुल्हन की पसंद की ही होती है। ऐसे में हर दुल्हन ये चाहती है कि वो अपनी शादी में खुलकर मौज-मस्ती कर पाए लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। दरअसल, शादी में हर लड़की काफी भारी-भरकम सा लहंगा पहनती है। ऐसे में इस लुक को पूरा करने के लिए हील्स ही पहनी जाती है। हील्स में जमकर डांस करना, और मस्ती करना संभव नहीं है। इसी के चलते आज के समय में दुल्हनों की पहली पसंद जूते बनते जा रहे हैं। हाल ही में कई अभिनेत्रियों ने भी अपनी शादी में लहंगे के साथ हील्स की बजाय जूतों को चुना था। यही वजह है कि आज के लेख में हम आपको ब्राइडल जूतों का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं।





### जूतों में लगवाएं मोती

अगर आप लाइट कलर के जूतों का चयन कर रहीं हैं तो उसको सजाने के लिए इसपर मोतियों का वर्क करा सकती हैं। इससे जूतों का लुक और ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

### सिंपल स्नीकर्स को ऐसे बनाएं खास

आप चाहें तो किसी साधारण तरह के स्नीकर्स का चयन करके उसपर अपनी शादी की तारीख लिखवा सकती हैं। इससे ये काफी स्पेशल बन जाएगा।

### जूतों पर लगवाएं गोटा

सिंपल से जूतों पर आप इस तरह से गोल्डन रंग का गोटा लगवा सकती हैं। इस पर अगर आप कढ़ाई भी कराएंगी तो भी ये खूबसूरत लगेगा।

### सगाई की झलक दिखाएं


अपने सफेद रंग के जूतों पर आप सगाई की झलक दिखा सकती हैं। सफेद जूतों पर इस तरह का वर्क देखने में खूबसूरत लगेगा।

## चिन पर कालापन दूर करें घरेलू उपाय से



होठों के नीचे कालापन हो रहा है और इससे आपके चेहरे की सुंदरता प्रभावित हो रही है और इसका प्राकृतिक इलाज तलाश रही हैं, तो इसके कारणों पर जरूर जाइए। ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ कहती हैं, 'डिहाइड्रेशन, ब्लैकहेड्स, डेड स्किन और टैनिंग, यह सभी इसके कारण हो सकते हैं। ऐसे में अलग-अलग घरेलू नुस्खे आपको कालेपन की समस्या से निजात दिला सकते हैं।' कई लोगों को टी-जोन एरिया बहुत ऑयली होता है और इसलिए चिन पर मुंहासे निकलते रहते हैं। मुंहासों के सूखने के बाद उसका कालापन त्वचा पर ही रह जाता है। ऐसे में बूंद भर नारियल का तेल आप लगाती हैं और उससे मालिश करती हैं, तो आपको उससे बहुत फायदा मिलेगा।
चेहरे के कुछ हिस्सों पर ओपन पोर्स की समस्या के कारण ब्लैकहेड्स होने लगते हैं। किसी-किसी के चिन पर भी अधिक ऑयल निकलता है और इस वजह से स्किन पोर्स लार्ज हो जाते हैं। इन पोर्स में गंदगी फंस जाती है और वह ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स का रूप ले लेती है। इन्हें दूर करने के लिए दूध में कॉफी पाउडर मिक्स करके स्क्रब करें और फिर पानी से वॉश करने के बाद टॉवल से ही चिन को आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ें। ऐसा करने से ब्लैकहेड्स कुछ हद तक रिमूव हो जाएंगे।
डेड स्किन की परत तो कहीं भी जमा हो सकती है। इसके लिए जरूरी है कि आप चेहरे को साफ रखें। आपको नियमित रूप से चेहरे की क्लीनिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग करनी चाहिए। इसके लिए आप एलोवेरा, दही और बेसन का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन सभी में बहुत अच्छी एक्सफोलिएटिंग पावर होती है।
चाय की पत्ती को पानी में पहले उबाल लें और फिर उसे छान लें। जब चाय की पत्ती थोड़ी ठंडी हो जाए तो आपको उसमें शहद मिक्स करना है और फिर इस मिश्रण से चिन को आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ना है। इससे ब्लैकहेड्स भी रिमूव होंगे और डेड स्किन भी रिमूव होगी।

## स्टाइलिश लुक के लिए पेस्टल आउटफिट्स के साथ अपनाएं कुछ खास ज्वेलरी



स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको ज्वेलरी और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर ही अपने लुक को स्टाइल करना चाहिए।अपने लुक को स्टाइलिश बनाना हम सभी चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की सभी तरह की जानकारी को रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं बदलते दौर में आजकल पेस्टल कलर्स को काफी पसंद किया जाने लगा है, लेकिन इसे स्टाइल करते समय हम कई बार परफेक्ट कलर की ज्वेलरी को नहीं चुन पाते हैं। हालांकि मार्केट में आजकल ज्वेलरी के अनगिनत डिजाइन आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन पेस्टल कलर के साथ कलर कॉम्बिनेशन को चुनना बिगिनर के लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पेस्टल कलर आउटफिट के साथ पहनने के लिए परफेक्ट ज्वेलरी कलर्स।

### मैरून कलर ज्वेलरी को कैसे करें स्टाइल?

पेस्टल कलर आउटफिट के साथ आपको ज्वेलरी को स्टाइल करने के लिए डार्क कलर को चुनना चाहिए। इसके लिए आप मैरून यानी रूबी को पहन सकती हैं। रूबी में भी कई वैरायटी होती हैं। इसे आप पर्ल या डायमंड ज्वेलरी की चैन या नेकलेस के साथ पहन सकती हैं।

### पेस्टल शेड्स की ज्वेलरी को कैसे करें स्टाइल?

लाइट शेड की बात करें तो पेस्टल कलर के साथ मीनाकारी डिजाइन की सटल या मल्टी कलर ज्वेलरी बेस्ट नजर आएगी। हालांकि असल मीनाकारी डिजाइन काफी महंगा होता है।

### कार्नर न्यूज

## सबसे अलग दिखने आप पीला छोड़ दूसरा रंग भी जरूर पहनें

# हल्दी की रस्म में पीला ही क्यों पहनें, आजमाएं नए रंग

किसी शादी के फंक्शन में जाना हो तो हम सभी स्टाइलिश दिखना ही पसंद करते हैं और इसके लिए हम सेलिब्रिटीज के लेटेस्ट लुक्स से इंस्पायर हो जाते हैं। वहीं प्री-वेडिंग फंक्शन जैसे हल्दी सेरेमनी की बात लरें तो इसके लिए हम अक्सर येलो कलर के आउटफिट को पहनते हैं। वहीं इसके लिए हम ज्यादातर प्लेन डिजाइन को ही चुनते हैं। अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं और अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो किसी और कलर की ड्रेस भी चुन सकती हैं। तो चलिए हम आपको दिखाते हैं येलो के अलावा आप किन डिजाइंस और कलर्स की आउटफिट्स को पहन सकती हैं। साथ लुक को स्पेशल बनाने के लिए बताएंगे कुछ खास टिप्स।

### नेट लहंगा डिजाइनर लुक

वहीं मॉडर्न लुक को हल्दी फंक्शन के लिए चुनना चाहती हैं तो इस तरह के नेट लहंगा लुक के साथ आप स्टाइलिश बैकलेस ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का ऑम्ब्रे कलर आउटफिट को



डिजाइनर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह के लुक के साथ आप फ्लोरल या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### बॉर्डर वर्क साड़ी लुक

आजकल हैवी वर्क ब्लाउज के साथ प्लेन साड़ी को स्टाइल किया जाना चलन में है। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर पुनीत बलाना द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक साथ स्लीक स्टाइल हेयर स्टाइल को चुनें।
सटल लुक को हल्दी फंक्शन के लिए कैरी करना चाहती हैं तो मल्टी कलर का यह खूबसूरत लहंगा स्कर्ट ट्राई कर सकती हैं। मल्टी-शेड वाले इस खूबसूरत आउटफिट को चर्निया डिजाइनर ने डिजाइन किया है। इस तरह का लहंगा आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 3500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप पर्ल बोहो या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को पहन सकती हैं।.हल्दी की रस्म में मुख्य रूप से पीला ही पहना जाता है क्योंकि यह शुभ, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह रंग खुशी और सकारात्मकता को दर्शाता है, जो हल्दी के अनुष्ठान के उत्सवपूर्ण माहौल के साथ मेल खाता है। हालांकि, अब लोग अन्य रंगों और पश्चिमी परिधानों जैसे फ्लोरलेंथ गाउन को भी आजमा रहे हैं, लेकिन पीले रंग का सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व बरकरार है। शुभ और समृद्धः भारतीय संस्कृति में पीला रंग सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, जो दूल्हा-दुल्हन के आने वाले वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा माना जाता है।

